जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

उदयपुर

Rashtradoot

फोन:- 2418945 फैक्स:- 0294-2410146 वर्ष: 33 संख्या: 79 प्रभात उदयपुर, मंगलवार 20 जनवरी, 2026 आर.जे. 7202 पृष्ठ 6 मूल्य 2.50 रु.

# कांग्रेस में सभी संगठनात्मक परिवर्तन केरल चुनाव के बाद में ही होंगे

## इसका प्रमुख कारण है, के.सी. वेणुगोपाल, वे केरल में मु.मंत्री बनने को लालायित हैं, अभी राहुल के निकटतम व्यक्ति होने के कारण, वेणुगोपाल ही, परोक्ष रूप से कांग्रेस चला रहे हैं

-रेणु मित्तल-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 19 जनवरी। राहुल गांधी इस समय केरल और के.सी. वेणुगोपाल के बीच फंसे हुए हैं।

राहुल गांधी के लिए केरल जीतना इस वक्त की उनकी सबसे बड़ी प्राथमिकता है। जीत के बाद ही यह फैसला लिया जाएगा कि के.सी. वेणुगोपाल को केरल का मुख्यमंत्री बनाया जाए या नहीं।

इसी फैसले पर पार्टी के भीतर कई अन्य निर्णय भी निर्भर करते हैं, जैसे के.सी. जाएंगे या वहीं बने रहेंगे।

सूत्रों का कहना है कि केरल चुनावों तक के लिए पार्टी के सभी संगठनात्मक फैसलों को टाल दिया गया है। एक वरिष्ठ नेता, जो शीर्ष स्तर की गतिविधियों से वाकिफ हैं, ने कहा कि राहुल गांधी का

- वेणुगोपाल के रूतबे का यह हाल है कि कांग्रेसाध्यक्ष खड़गे भी उनके सामने मुँह नहीं खोलते और वो ही काम करते हैं, जो वेणुगोपाल इशारा करते हैं।
- अतः वेणुगोपाल अगर केरल जाते हैं तो कांग्रेस में एकदम नए सिरे से समीकरण बनेंगे।
- यहाँ तक कि पहले यह माना जा रहा था कि 14 जनवरी के बाद, राहुल गांधी पार्टी में भारी-भरकम तब्दीलियां करेंगे। पर, स्वयं राहुल ने भी अब यह निर्णय टाल दिया है और केरल के विधानसभा चुनावों को अपनी सर्वोच्च प्राथमिकता बना लिया है।
- पहले तो वेणुगोपाल चुनाव के पहले ही केरल जाना चाहते थे, पर, उन्हें समझाया गया कि अगर वे चुनाव पहले गए तो सभी दिग्गज़ उनको हराने में जुट जाएंगे। इस तर्क को स्वीकार करते हुए, वेणुगोपाल ने चुनाव के बाद केरल जाना ही श्रेयस्कर माना।
- अतः, जब तक केरल के चुनाव नहीं होते, वेणुगोपाल का केरल मु.मंत्री पद पर जाना या ना जाना स्थगित है और इसीलिए कांग्रेस में संगठन परिवर्तन की फाइल ठंडे बस्ते में है।

पूरा ध्यान सिर्फ केरल जीतने पर है।

यह भी पता चला है कि के.सी. वेणुगोपाल चुनाव से पहले ही केरल भेजे जाने को लेकर काफी उत्सुक थे, लेकिन कुछ शुभचिंतकों ने उन्हें इंतज़ार

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## नितिन नबीन निर्विरोध भाजपा अध्यक्ष निर्वाचित

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 19 जनवरी। भाजपा के नए अध्यक्ष के चुनाव के लिए सोमवार को केवल बिहार के 45 वर्षीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन के ही नामांकन पत्र दाखिल किए गए। निर्वाचन अधिकारी डॉ. के. लक्ष्मण ने घोषणा की कि चूंकि शीर्ष पार्टी नेताओं ने केवल नितिन नबीन का ही नामांकन दाखिल किया है, इसलिए वे निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए जाते हैं।

नितिन नबीन के भाजपा के 12वें राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में निर्वाचित होने की औपचारिक घोषणा मंगलवार को

- औपचारिक घोषणा भाजपा मुख्यालय में मंगलवार 11:30 बजे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मौजूदगी में होगी।

सुबह 11.30 बजे पार्टी मुख्यालय में की जाएगी। निर्वाचन अधिकारी के. लक्ष्मण प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मौजूदगी में इसकी घोषणा करेंगे।

पार्टी सूत्रों के अनुसार, प्रधानमंत्री मोदी स्वयं नितिन नबीन के पार्टी अध्यक्ष चुने जाने के समारोह में उपस्थित रहना चाहते थे।

निवर्तमान भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गृह मंत्री अमित शाह, सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी तथा वरिष्ठ नेताओं

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# मणिकर्णिका घाट के डोम राजा की अर्ज़ी भारी पड़ेगी भाजपा को?

## डोम राजा विश्वनाथ चौधरी ने प्र.मंत्री पर दबाव डाला था कि इस घाट का भी काशी विश्वनाथ कोरिडोर की भांति आधुनिकीकरण करवा दें

-श्रीनंद झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 19 जनवरी। वाराणसी के मणिकर्णिका घाट के पुनर्विकास योजना की शुरुआत ने एक बड़ा राजनीतिक विवाद खड़ा कर दिया है, जिसका असर अगले वर्ष होने वाले उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनावों में भाजपा की संभावनाओं पर प्रतिकूल रूप से पड़ सकता है।

इस परियोजना का शिलान्यास प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2023 में किया था, लेकिन इसका वित्तपोषण (फंडिंग) काशी विश्वनाथ मंदिर ट्रस्ट द्वारा किया जा रहा है और इसे "रूप फाउंडेशन" नामक संस्था द्वारा क्रियान्वित किया जा रहा है।

मणिकर्णिका तीर्थ कॉरिडोर विकास परियोजना के तहत, बुलडोज़र चलाए जाने और ऊँची "मढ़ी" (ऊंचे चबूतरे) से मूर्तियों को हटाकर गिराए जाने की तस्वारें सोशल मीडिया पर वायरल हो गईं। इसके बाद इतिहासकारों, अहिल्याबाई होलकर ट्रस्ट और पाल समुदाय जैसे धार्मिक संगठनों, तथा कांग्रेस और समाजवादी पार्टी समेत, विपक्षी दलों की ओर से इसकी तीखी आलोचना की गई।

- आधुनिकीकरण का प्लान पहले 3000 वर्ग मीटर तक सीमित था, फिर बढ़ाकर 39,350 वर्ग प्लेटफॉर्म बनाना तय किया गया
- यह आधुनिकीकरण का प्लान चार चरणों में पूरा होना है और प्लेटफॉर्म बनने के बाद, एक साथ 19 दाह संस्कार किए जा सकेंगे, तथा इसके लिए कई तरह की सार्वजनिक सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी।
- पर, प्रोजैक्ट की प्रथम दिन से ही आलोचना शुरु हो गई, इतिहासकार, धार्मिक ग्रुप्स जैसे अहिल्या बाई होल्कर ट्रस्ट, पाल समाज तथा कांग्रेस व समाजवादी पार्टियों द्वारा।
- इतिहासकार, मृदुला मुखर्जी के अनुसार, जनता में यह भय फैला है कि धार्मिक पवित्र स्थलों का व्यवसायिकीकरण हो रहा है तथा यह भी प्रचारित हो रहा है कि मणिकर्णिका घाट से सटे हुए ही व्यवसायिक मॉल व अन्य बड़े-बड़े कॉमर्शियल स्ट्रक्चर बनाए जाएंगे।

पुनर्विकास के नाम पर आगे किसी भी तरह के ध्वस्तीकरण को रोकने के लिए

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'ग्रीनलैंड के बारे में उनकी सोच की वजह से उन्हें नोबल प्राइज़ नहीं दिया गया'

## एक बच्चे की तरह मचलते हुए, ट्रंप ने "दोषी" यूरोपीय देशों पर टैरिफ लगाया

-अंजन रॉय-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 19 जनवरी। एक चालाक "टीन एजर" (किशोर) की तरह, डॉनल्ड ट्रंप ने यह दावा किया है कि नोबेल समिति ने उन्हें शांति पुरस्कार इसलिए नहीं दिया, क्योंकि वे ग्रीनलैंड को अमेरिका में शामिल करने के पक्षधर हैं।

किसी और को नोबेल शांति पुरस्कार मिलने से असंतुष्ट राष्ट्रपति ट्रंप अब यह मान चुके हैं कि यह सम्मान उनसे पूरी तरह दूर है और इसका कारण वे ग्रीनलैंड को वहाँ की जनता और डेनमार्क से, किसी भी तरीके से, हासिल करने के अपने रुख को बता रहे हैं।

इसी बीच, अपनी इस कोशिश के खिलाफ बढ़ते विरोध को देखते हुए ट्रंप ने झुंझलाहट में उन यूरोपीय देशों पर अतिरिक्त शुल्क (टैरिफ) लगाने की

- यूरोपीय देशों ने जवाबी कार्यवाही करते हुए, अमेरिका द्वारा यूरोप निर्यात सामान पर 108 बिलियन डॉलर का टैरिफ लगाया।
- फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों इस कार्यवाही में अगुवा बने हुए हैं, तथा अमेरिका से सदा "विशेष रिश्ते" की दुहाई देने वाले देश इंग्लैण्ड ने भी मैक्रों को पूरा समर्थन देने का निर्णय लिया।
- पहला असर तो यह हुआ कि हर बार की तरह, इस संकट व अनिश्चय की स्थिति में डॉलर की तुलना में सोना महँगा हुआ।

घोषणा कर दी, जिन्होंने उनके इस कदम का विरोध किया था। इसका यूरोप में व्यापक रूप से विरोध किया गया है।

अब यूरोप अमेरिका से आयात होने वाले 108 अरब डॉलर के अमेरिकी सामान पर अतिरिक्त शुल्क लगाने की धमकी दे रहा है। यूरोप के कई नेताओं ने अलग-अलग तौर पर उन देशों पर नए टैरिफ लगाने की ट्रंप की

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## एसआई पेपर लीक आरोपी जगदीश विश्नोई को जमानत मिली

जयपुर, 19 जनवरी। राजस्थान हाईकोर्ट ने एसआई भर्ती-2021 पेपर लीक मामले में आरोपी जगदीश विश्नोई को जमानत पर रिहा करने के आदेश दिए हैं। जस्टिस चंद्र प्रकाश श्रीमाली की एकलपीठ ने यह आदेश जगदीश विश्नोई की द्वितीय जमानत याचिका को स्वीकार करते हुए दिए। अदालत ने

- हाई कोर्ट ने कहा कि मामले में अधिकतम तीन वर्ष की सजा का प्रावधान है और आरोपी 22 माह से जेल में है।

अपने आदेश में कहा कि मामले में सार्वजनिक परीक्षा अनुचित साधन का प्रयोग अधिनियम और आईटी एक्ट के तहत, अधिकतम तीन साल की सजा का प्रावधान है और याचिकाकर्ता 22 माह से जेल में बंद है। वहीं मुख्य आरोपी राजेश खंडेलवाल को पूर्व में जमानत मिल चुकी है। इसके अलावा, प्रकरण

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'शिव सेना ने मुम्बई को 23 मराठी मेयर दिए हैं, क्या यह परम्परा कायम रहेगी'

## शिव सेना (यूबीटी) ने सामना के जरिए शिंदे को मुम्बई में शिव सेना का मेयर बनवाने की चुनौती दी

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 19 जनवरी। बीएमसी (बृहन्मुंबई म्यूनिसिपल कॉर्पोरेशन) चुनाव में एनडीए की बड़ी जीत के बाद मुंबई में एक बार फिर "रिज़ॉर्ट राजनीति' लौट आई है। उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना (यूबीटी) ने कहा है कि नगर निगम चुनाव तो खत्म हो गए हैं, लेकिन असली राजनीति अभी बाकी है।"

बीएमसी चुनावों में भाजपा ने अब तक का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है, जबकि ठाकरे परिवार को अपने गढ़ में झटका लगा है। लेकिन अब सबकी नजरें शिवसेना प्रमुख और महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे पर टिकी हैं।

2022 में शिवसेना में बगावत कर उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली महा विकास अघाड़ी सरकार गिराने वाले एकनाथ शिंदे अब भाजपा के सहयोगी हैं और इस नगर निगम चुनाव में उनकी

- एकनाथ शिंदे भारी दबाव में है, इसलिए नतीजे घोषित होते ही उन्होंने अपनी पार्टी के पार्षदों को फाइव स्टार होटल में शिफ्ट कर दिया है।
- शिंदे आशंकित हैं कि भाजपा उनके पार्षदों को तोड़ सकती है, जो एक बार दलबदल कर सकते हैं, वो दोबारा भी कर सकते हैं।
- बीएमसी चुनावों में भाजपा ने शानदार 89 सीटें जीती हैं, पर, बहुमत के लिए उसे शिंदे का साथ अवश्य चाहिए, इसलिए शिंदे भाजपा पर दबाव डाल रहे हैं।

पार्टी ने 29 सीटें जीती हैं। नतीजों के बाद जश्न और राजनीतिक बयानबाजी के बीच, शिंदे गुट ने अपने पार्षदों को मुंबई के एक पांच सितारा होटल में शिफ्ट करना शुरू कर दिया, जिससे शहर के राजनीतिक गलियारों में चर्चाओं को दौर शुरु हो गया।

जब चुनावी नतीजे राजनीतिक पुनर्संयोजन की संभावनाएं पैदा करते हैं, तब "रिज़ॉर्ट राजनीति" सामने आती है। शिंदे टीम के इस कदम को समझने के लिए बीएमसी के आंकड़ों पर नज़र डालना जरूरी है। कुल 227 वार्ड वाली बीएमसी में बहुमत का आंकड़ा 114 है। भाजपा ने 89 सीटें जीती हैं और शिवसेना (शिंदे गुट) को 29 सीटें मिली हैं। दोनों मिलकर 118 सीटों पर काबिज हैं, जो बहुमत से ज्यादा है। उपमुख्यमंत्री अजित पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी, जिसने अकेले चुनाव लड़ा था, ने तीन वार्ड जीते हैं और वह भी अपने सहयोगियों का समर्थन कर सकती है।

दूसरी ओर, शिवसेना (यूबीटी), महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना और एनसीपी (शरद पवार) को क्रमश: 65, छह और एक वार्ड मिले हैं। यह संख्या कुल मिलाकर 72 होती है। कांग्रेस ने 24, एआईएमआईएम ने आठ और समाजवादी पार्टी ने दो वार्ड जीते हैं। यदि विपक्ष एकजुट हो जाए तो कुल संख्या 106 हो जाएगी, जो बहुमत से आठ कम है। हालांकि, इन दलों की राजनीतिक स्थितियों को देखते हुए यह संभावना कम है, फिर भी इसे पूरी तरह नकारा नहीं जा सकता।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## बंगाल एसआईआर पर सुप्रीम कोर्ट का सख्त आदेश

नई दिल्ली, 19 जनवरी। पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव से पहले राज्य में चल रहे मतदाता सूची के (एसआईआर) को लेकर चर्चा तेज होती ही जा रही है। इसी बीच इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को चुनाव आयोग (ईसी) को अहम निर्देश दिया

- सुप्रीम कोर्ट ने कहा उन सवा करोड़ मतदाताओं के नाम सार्वजनिक किए जाएं, जिनके नामों पर चुनाव आयोग को आपत्ति है। यह लिस्ट ग्राम पंचायत भवनों, ब्लॉक कार्यालयों आदि में लगाई जाए ताकि सब पढ़ सकें।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# भारत का ट्रंप के गाज़ा पुनर्निमाण बोर्ड की सदस्यता के बारे में अनिर्णय किसी अनिश्चय व टालम-टोल नीति की निशानी नहीं है

## ट्रंप सदा से यूएन को फुंका हुआ कारतूस बताते रहे हैं, अतः ट्रंप द्वारा प्रस्तावित बोर्ड, यूएन में सुधार करने का प्रयास नहीं है, बल्कि उसको खत्म कर एक "ट्रंप यूएन" बनाने की कोशिश है

-सुकुमार साह-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 19 जनवरी। संयुक्त राष्ट्र संघ को ट्रंप द्वारा अप्रासंगिक बताकर खुले आम खारिज करने के बाद, नई दिल्ली अमेरिका-नेतृत्व वाले शांति तंत्र को वैधता देने से हिचक रही है, जो बहुपक्षीय मानदंडों में सुधार करने के बजाय उन्हें दरकिनार करता हुआ प्रतीत होता है।

गाज़ा के लिए प्रस्तावित बोर्ड ऑफ़ पीस में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को शामिल होने के लिए डॉनल्ड ट्रंप के निमंत्रण पर भारत की सोची-समझी चुप्पी ही इस बात का सबसे बड़ा संकेत है कि इस पहल को "ट्रंप संयुक्त राष्ट्र" क्यों कहा जा रहा है। नई दिल्ली के लिए मुद्दा सिर्फ़ गाज़ा या युद्धोत्तर पुनर्निर्माण तक सीमित नहीं है, बल्कि इससे कहीं गहरी बेचैनी एक ऐसे वैकल्पिक अन्तर्राष्ट्रीय शासन ढांचे को लेकर महसूस की जा रही है, जिसे एक अमेरिकी राष्ट्रपति बढ़ावा दे रहे हैं और जो बार-बार और सार्वजनिक रूप से संयुक्त राष्ट्र को "खत्म हो चुकी शक्ति" बता रहे हैं। जब संयुक्त राष्ट्र के प्रति इस

- यूएन में कितनी भी कमियां हों, पर, कम से कम यूएन एक कायदे-कानून पर काम करने वाली संस्था है। "ट्रंप" का यूएन केवल एक नेता व एक "शक्तिशाली" देश द्वारा संचालित व्यवस्था है, जो बड़ी खतरनाक स्थिति है।
- भारत अभी सार्वजनिक रूप से ट्रंप के इस अजीबोगरीब प्रस्ताव का खुल्लम-खुल्ला विरोध करने की स्थिति में नहीं है, क्योंकि, स्वयं भारत कई व्यापारिक मसले टैरिफ आदि के विवादों में में फंसा है, अतः भारत द्वारा ट्रंप के प्रस्ताव पर चुप्पी रखना ही समझदारी पूर्ण निर्णय है।

घोषित संदेह को खुद ट्रंप की अध्यक्षता वाले अमेरिका-नेतृत्व वाले, नेता-केन्द्रित शांति निकाय के साथ तुलनात्मक रुप से देखा जाता है, तो भारतीय नीति-निर्माताओं के लिए यह प्रस्ताव किसी तकनीकी व्यवस्था की बजाय बहुपक्षवाद में सुधार के बजाय उसे हटाने का राजनीतिक बयान बन जाता है।

भारतीय दृष्टिकोण से यह बेहद अहम है। भारत लंबे समय से यह कहता आया है कि संयुक्त राष्ट्र त्रुटिपूर्ण, अल्प-प्रतिनिधित्व वाला है और उसमें तत्काल सुधार की ज़रूरत है, खासकर उसमें ग्लोबल साउथ की वास्तविकताओं को प्रतिबिंबित करना जरुरी है। लेकिन भारत यह भी उतनी ही स्पष्टता से कहता रहा है कि समाधान संयुक्त राष्ट्र प्रणाली के पुनर्गठन में है, न कि उसे खोखला करने या एक शक्ति या एक व्यक्ति के प्रभुत्व वाले समानांतर

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## राहुल गांधी आज रायबरेली में

नयी दिल्ली, 19 जनवरी। कांग्रेस नेता राहुल गांधी मंगलवार को अपने संसदीय क्षेत्र रायबरेली के दौरे पर रहेंगे और वहां कई कार्यक्रमों में शामिल होंगे। इस दौरान, वे "मनरेगा बचाओ" चौपाल में हिस्सा लेते हुए कार्यकर्ताओं से संवाद करेंगे।

अपने रायबरेली दौरे के दौरान गांधी सबसे पहले सुबह रायबरेली के

- यहां वे मनरेगा बचाओ चौपाल में हिस्सा लेंगे और रायबरेली प्रीमियर लीग का शुभारंभ करेंगे।

भुएमऊ गेस्ट हाउस में प्रतिनिधिमंडलों और मतदाताओं से मुलाकात कर मतदाता सूची पुनरीक्षण (एसआईआर) पर चर्चा करेंगे। उसके बाद वे गेस्ट हाउस में सांसद निधि द्वारा किए गए कार्यों का उद्घाटन करेंगे और बाद में रायबरेली युवा खेल अकादमी द्वारा आयोजित रायबरेली प्रीमियर लीग (टी-20) क्रिकेट टूर्नामेंट का राजीव

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## विचार बिन्दु

**कुछ प्रलोभन परिश्रमी व्यक्ति को हो सकते हैं, किंतु सारे प्रलोभन तो केवल आलसी व्यक्ति पर ही आक्रमण करते हैं। –मुक्ता**

# गिग वर्कर्स – समस्याएं और चुनौतियां

(गिग) वर्कर्स शब्द वैसे तो 1952 से ही विश्व में प्रचलन में है, किंतु भारत में इसकी चर्चा हाल के वर्षों में ही प्रारंभ हुई है। यह शब्द उन व्यक्तियों के लिए काम में लिया जाता है जिनका नियोक्ता के साथ कर्मचारी वाला रिश्ता नहीं होता। यह बिल्कुल अल्प अवधि के लिए विशेष काम करने वालों पर लागू होता है। इनकी कार्य अवधि में बहुत लचीलापन संभव है और कोई भी व्यक्ति अपनी आवश्यकता और सुविधा अनुसार इस काम को कर सकता है, जिसके लिए निर्धारित पारिश्रमिक देय होता है।

भारत के परिप्रेक्ष्य में यह शब्द दो प्रकार के कामों के लिए सर्वाधिक प्रचलन में है पहला, उबर – ओला टैक्सी कंपनियों के वाहन चालकों के लिए और दूसरा विभिन्न ई कॉमर्स कंपनियों के डिलीवरी बॉयस के लिए। कुछ लोग इस काम को अपने मुख्य काम के अलावा अतिरिक्त कमाई के लिए करते हैं, तो अधिकांश के लिए यही एकमात्र रोजगार है।

चूंकि इस प्रकार के काम में लगे लोगों का नियोक्ता के साथ सेवा संबंधी कोई पूर्णकालिक समझौता नहीं है, इन पर श्रम कानून के कोई प्रावधान लागू नहीं होते हैं।

यह सही है कि भारत में लगभग 85 प्रतिशत श्रमिक और कर्मचारी असंगठित क्षेत्र में हैं अर्थात ये संगठित होकर किसी प्रकार का आंदोलन नहीं कर सकते हैं। इसी का लाभ उठाकर नियोक्ता सामान्यतया कर्मचारियों को जब चाहे हटा देते हैं। उन्हें किसी प्रकार की सेवा सुरक्षा और सेवा संबंधी अन्य लाभ भी सामान्यत: नहीं मिलते हैं। विभिन्न प्रकार के उद्योगों में काम करने वाले श्रमिकों में से अधिकांश किसी एजेंसी के माध्यम से संविदा पर काम करते हैं, जिनका नियोक्ता के साथ सीधा संबंध नहीं होता । यही नहीं, अब तो सरकार ने भी अपने अधिकांश कर्मचारी किसी एजेंसी के माध्यम से संविदा पर रखे हुए हैं जो विभिन्न प्रकार के सरकारी सेवा नियमों के लाभ से वंचित रहते हैं।

टैक्सी के क्षेत्र में जब से उबर और ओला कंपनियों ने प्रवेश किया, तब से टैक्सी संचालन का स्वरूप ही बदल गया। यह बड़े रोजगार के अवसर के रूप में देखा गया। कई बेरोजगार युवाओं ने नई कारें खरीद कर अपने आप को उबर और ओला के साथ पंजीकृत करवा लिया। प्रारंभ में इन्हें कई प्रकार के इंसेंटिव दिए जाते थे जो, 'राइड्स' की संख्या पर आधारित थे। ग्राहकों को भी कई प्रकार की छूट दी जाती थी। अच्छी कमाई के लालच में कई लोगों ने ऋण लेकर कारें खरीदीं और टैक्सी के रूप में इन कंपनियों के साथ रजिस्टर करवा दीं। शुरू में उनसे कमाई भी ठीक-ठाक हो जाती थी इसलिए यह स्व रोजगार का अच्छा माध्यम बन गया। जैसे-जैसे ग्राहकों की निर्भरता इन कंपनियों पर बढ़ती गई वैसे-वैसे उबर – ओला में रजिस्टर्ड वाहनों को दिए जाने वाली प्रोत्साहन राशि में कटौती प्रारंभ कर दी एवं उनका कमीशन काट कर ड्राइवरों को मिलने वाली राशि भी कम हो गई । कई लोग तो इस प्रकार की स्थिति में पहुंच गए कि उनकी कमाई में से कार लोन की किस्त चुकाना भी मुश्किल ही गया। उसमें से कमाई होना तो दूर की बात थी। लोन की किश्तें नहीं चुका पाने के कारण लोन देने वाली कंपनियां बीच रास्ते से ही वाहन जबरदस्ती उठा कर ले जाने लगीं। उनकी सबसे बड़ी समस्या यही थी कि ये कभी संगठित होकर इन बड़ी कंपनियों का मुकाबला नहीं कर सके । वैसे भी ये कंपनियां इतनी बड़ी हैं कि इनके लिए किसी भी यूनियन को तोड़ना और उसके नेताओं को खरीदना कठिन कार्य नहीं है। यही एक कारण बना, जिससे संगठित होकर उबर और ओला कंपनियों के साथ, ड्राइवरों का कोई सम्मानजनक समझौता नहीं हो पाया।

टैक्सी के अतिरिक्त, दूसरा जो बड़ा अवसर बेरोजगारों के लिए उपलब्ध हुआ है वह प्लेटफार्म बेस्ड सेवा प्रदाता जैसे स्विग्गी, जोमैटो, ब्लिंकइट आदि माध्यम से सामान लोगों के घरों तक पहुंचाने का है। इस प्रकार के काम में लगे लोगों को 'डिलीवरी बॉयज' कहा जा सकता है। आप किसी भी शहर की सड़क पर किसी भी समय निकल जाएं तो सड़क पर आपको बहुत बड़ा सा बॉक्स मोटरसाइकिल पर पीछे रखे हुए तेजी से मोटरसाइकिल चलाते हुए युवा दिख जाएंगे। इनके टी शर्ट पर लिखे नाम से ही आप पहचान सकते हैं कि यह सब डिलीवरी बॉयज हैं। इनमें कई ऐसे हैं जो कॉलेज के विद्यार्थी हैं और अपने लिए अतिरिक्त आय के साधन के रूप मे यह काम कर रहे हैं । कुछ ऐसे हैं जिनके लिए रोजगार का यही एकमात्र अवसर है।

विभिन्न ई-कॉमर्स कंपनियों में प्रतिस्पर्धा इतनी अधिक हो गई है कि ब्लिंकिट जैसी कंपनी ने तो ग्राहकों तक 10 मिनट में सामान पहुंचाने की गारंटी देना प्रारंभ कर दिया। इसका बहुत प्रचार प्रसार भी किया गया। इस समय-सीमा में सामान पहुंचाने के लिए मोटरसाइकिल चलाने वाले बहुत तेजी से मोटरसाइकिल चलाते हैं। कई बार ट्रैफिक लाइट का भी उल्लंघन करते हैं और अपनी जान को जोखिम में डाल देते हैं। इन्हें किसी प्रकार की कोई सुविधा नहीं मिलती न इनके काम के घंटे निश्चित हैं । ये जब भी इस कंपनी में 'लॉग इन' कर लेते हैं तो कंपनी का आदेश मिलते ही उनके पालन के लिए उपलब्ध रहना होता है । यदि लोगइन करने के बाद भी ये डिलीवरी का आदेश लेने से मना कर देते हैं तो इन्हें एक या दो दिन के लिए ब्लैक लिस्ट कर दिया जाता है और इन्हें उस कंपनी द्वारा कोई काम नहीं दिया जाता।

**भारत में प्लेटफार्म बेस्ड गिग वर्कर्स की संख्या जो 2020-21 में लगभग 77 लाख थी वह 2024-25 में बढ़कर लगभग ढाई करोड़ हो गई है। इस संख्या में इतनी वृद्धि, बेरोजगारी की गंभीर स्थिति का ही सूचक है। कई डिलीवरी बॉयज़ से बात करने पर पता लगा कि उनमें से कई स्नातक हैं और किसी अन्य नौकरी के अभाव में इस प्रकार का जोखिम भरा कार्य, नाम मात्र की आमदनी में करने के लिए मजबूर हैं । यह लेख लिखने का प्रमुख उद्देश्य यही है कि अब जब भी पाठक किसी डिलीवरी बॉय को सड़क पर मोटरसाइकिल दौड़ाते हुए देखें, तो उनकी अत्यंत कठिन कार्य परिस्थितियों का उनको ध्यान रहे ताकि वे उनके प्रति अधिक संवेदनशीलता के साथ व्यवहार करें।**

डिलीवरी बॉयज की समस्या को नजदीकी से देखने और अनुभव करने के लिए एक प्रतिष्ठित अंग्रेजी अखबार इंडियन एक्सप्रेस के एक रिपोर्टर ने स्वयं डिलीवरी बॉय के रूप में तीन दिन स्विग्गी, जोमैटो और ब्लिंकिट के लिए काम किया।

उसने इन तीन कंपनियों के 23 ऑर्डर की डिलीवरी की। इस कार्य के लिए औसतन प्रति घंटा आय लगभग 34 रुपए की हुई । यदि कोई व्यक्ति लगभग 6 घंटे काम प्रतिदिन करे तो उसे प्रतिदिन लगभग 200 रुपए अर्थात एक महीने में लगभग 6000 प्राप्त होते हैं। इतने कम पैसे में कोई व्यक्ति अपने परिवार का गुजर-बसर कैसे कर सकता है? अपनी जान जोखिम में डालकर यह काम करना किसी भी रूप में सुविधाजनक नहीं है। इस रिपोर्टर का यह भी अनुभव था कि अधिकांश स्थानों पर उसे तीन से चार मंजिल सीढियां चढ़कर, 10 से 15 किलो तक वजन उठाकर पहुंचना पड़ा। निरंतर इस प्रकार का काम करते रहने से स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं पैदा हो सकती हैं । उल्लेखनीय है कि जिन व्यक्तियों को डिलीवरी की गई, उनमें से किसी ने मुस्कुरा कर डिलीवरी बॉय को धन्यवाद तक नहीं कहा, टिप तो दूर की बात है। पाठकों से यह आग्रह है कि भविष्य में उनके पास यदि कोई डिलीवरी बॉय आए तो उसकी सराहना करें एवं उसको मुस्कुरा कर धन्यवाद अवश्य दें । इससे यदि उसे आर्थिक लाभ न भी हो तो उसे अच्छा एहसास तो होगा।

अधिक कमाई के लालच में ये डिलीवरी बॉयज कई बार 10- 12 - 15 घंटे तक लगातार काम करते हैं। इस प्रकार के काम से थकान आना स्वाभाविक है क्योंकि शारीरिक क्षमता भी सीमित होती है । इस कारण दुर्घटना होने की संभावना बढ़ जाती है । क्योंकि इस प्रकार के काम करने वाले लोग बहुत सरलता से उपलब्ध हो जाते हैं इसलिए इनमें संगठित होकर अपना पारिश्रमिक बढ़वाने के लिए आंदोलन कर पाना संभव नहीं है। यह वास्तविकता, देश में बेरोजगारी की भयावह स्थिति का एक संकेत मात्र है । इसी लिए उनके प्रति संवेदनशील व्यवहार की पाठकों से अपेक्षा है।

राजस्थान ऐसा पहला राज्य है, जिसने राजस्थान प्लेटफार्म बेस्ड गिग वर्कर्स (पंजीयन एवं कल्याण) अधिनियम, 2023 बनाया । इसके अंतर्गत प्रत्येक प्लैटफॉर्म बेस्ड वर्कर के लिए पंजीयन की अनिवार्यता है। इसी प्रकार, सेवा प्रदाता को भी अपना पंजीकरण कराना होता है। इनके लिए स्वास्थ्य सुविधा और दुर्घटना बीमा आदि की व्यवस्था की गई है। इस कानून के अंतर्गत एक गिग वर्कर्स वेलफेयर बोर्ड के गठन और वेलफेयर फंड का प्रावधान किया गया है। इस कल्याण कोष के माध्यम से विभिन्न प्रकार के गिग वर्कर्स की सामाजिक सुरक्षा, स्वास्थ्य और दुर्घटना के समय सहायता करने की व्यवस्था की गई है । श्रम मंत्री की अध्यक्षता में यह बोर्ड बनाया गया है। इसमें राज्य के विभिन्न विभागों के सचिव सदस्य हैं।

राजस्थान द्वारा यह कानून बनाए जाने के बाद कर्नाटक और केरल ने भी इसी प्रकार के कानून बनाए हैं । यह कानून बहुत आवश्यक था क्योंकि इसके अभाव में गिग वर्कर्स का आर्थिक, शारीरिक और मानसिक शोषण हो रहा था। यदि यह कानून प्रभावी रूप से लागू किया जाए और सेवा प्रदाता थोड़ी भी संवेदनशीलता का परिचय दें तो इन गिग वर्कर्स की सेवा शर्तों और सुरक्षा को सुनिश्चित किया जा सकता है। हालांकि इन पर कोई न्यूनतम मजदूरी कानून लागू नहीं होता, किंतु समय के साथ-साथ संगठन बनने के बाद, संभव है इनके लिए न्यूनतम आय प्रति घंटा निर्धारित की जा सके।

भारत में प्लेटफार्म बेस्ड गिग वर्कर्स की संख्या जो 2020-21 में लगभग 77 लाख थी वह 2024-25 में बढ़कर लगभग ढाई करोड़ हो गई है। इस संख्या में इतनी वृद्धि, बेरोजगारी की गंभीर स्थिति का ही सूचक है। कई डिलीवरी बॉयज़ से बात करने पर पता लगा कि उनमें से कई स्नातक हैं और किसी अन्य नौकरी के अभाव में इस प्रकार का जोखिम भरा कार्य, नाम मात्र की आमदनी में करने के लिए मजबूर हैं ।

यह लेख लिखने का प्रमुख उद्देश्य यही है कि अब जब भी पाठक किसी डिलीवरी बॉय को सड़क पर मोटरसाइकिल दौड़ाते हुए देखें, तो उनकी अत्यंत कठिन कार्य परिस्थितियों का उनको ध्यान रहे ताकि वे उनके प्रति अधिक संवेदनशीलता के साथ व्यवहार करें।

10 मिनट में डिलीवरी करने की गारंटी देने के विज्ञापन पर हाल ही में न्यायालय द्वारा रोक लगा दी गई है क्योंकि इसी गारंटी के कारण पेनल्टी से बचने के लिए डिलीवरी करने वाले तेज गति से मोटर साइकिल चलाते हैं और ट्रैफिक नियमों की अवहेलना भी करते हैं ताकि किसी प्रकार की पेनल्टी नहीं लगे ।

गिग वर्कर्स के कारण नागरिकों के कई प्रकार के काम समय पर घर बैठे होने लगे हैं और वे घर बैठकर किसी भी प्रकार का सामान तत्काल प्राप्त कर सकते हैं। आवश्यकता केवल इसी बात की है कि इस काम में लगे लोगों की सेवा शर्तें, सुरक्षा और कल्याण के लिए बनाए गए कानून के प्रावधानों का पालन उसकी भावना के अनुसार किया जाए ताकि यह वर्ग हर प्रकार के शोषण से बच सके।

**–अतिथि सम्पादक,**
**राजेन्द्र भाणावत**
**( पूर्व आई.ए.एस. अधिकारी )**

# युवाओं के भरोसे की वापसी: राजस्थान में रोजगार और पारदर्शिता का दौर



**अलका सक्सेना**

सरकारी नियुक्तियों का कैलेंडर, निजी क्षेत्र में रोजगार सृजन और कौशल विकास के साथ ही पेपरलीक पर रोकथाम के ठोस प्रयासों से भजनलाल शर्मा सरकार ने युवाओं के भविष्य को लेकर नई उम्मीद जगाई है।

लोकतांत्रिक व्यवस्था की महत्वपूर्ण शक्ति उसके युवाओं में निहित होती है। युवा वह ऊर्जा हैं जो समाज को दिशा देती है, अर्थव्यवस्था को गति देती है और लोकतंत्र को मजबूती प्रदान करती है। लेकिन जब यही युवा अपने भविष्य को लेकर असमंजस, अनिश्चितता और अविश्वास से घिर जाते हैं, तो यह किसी भी सरकार के लिए गंभीर चेतावनी होती है। पिछले कुछ वर्षों में भर्ती परीक्षाओं में देरी, कैलेंडर की अस्पष्टता, पेपर लीक जैसी घटनाओं और रोजगार के सीमित अवसरों ने युवाओं के मन में निराशा का भाव पैदा किया था। ऐसे चुनौतीपूर्ण समय में राजस्थान की वर्तमान भजनलाल शर्मा सरकार ने युवाओं को केंद्र में रखकर जो नीतिगत और प्रशासनिक निर्णय लिए हैं, वे भरोसा बहाल करने की दिशा में एक ठोस और दूरदर्शी प्रयास के रूप में सामने आए हैं।

राजस्थान में युवाओं की सबसे बड़ी चिंता लंबे समय से रोजगार और सरकारी भर्तियों को लेकर रही है। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे लाखों युवा अपनी उम्र का सर्वश्रेष्ठ समय पुस्तकों, कोचिंग संस्थानों और परीक्षा केंद्रों के बीच बिताते हैं। ऐसे में जब परीक्षाएं समय पर नहीं होतीं या परिणामों में अनावश्यक देरी होती है, तो उनका आत्मविश्वास डगमगाने लगता है। भजनलाल शर्मा सरकार ने सत्ता संभालते ही इस सच्चाई को स्वीकार किया और युवाओं के भरोसे को लौटाने को अपनी प्राथमिकता बनाया। सरकार की सबसे बड़ी उपलब्धियों में से एक बड़े पैमाने पर सरकारी नियुक्तियां और उनकी स्पष्ट समयरेखा है। वर्तमान कार्यकाल में अब तक एक लाख से अधिक युवाओं को राजकीय सेवा में नियुक्तियां दी जा चुकी हैं।

करीब डेढ़ लाख भर्तियों की प्रक्रिया प्रगति पर है। इससे भी अधिक महत्वपूर्ण कदम है एक लाख पदों की भर्ती के लिए स्पष्ट कैलेंडर जारी करना। वर्षों बाद पहली बार युवाओं के सामने एक ऐसा दस्तावेज आया है, जो यह बताता है कि किस परीक्षा की प्रक्रिया कब शुरू होगी और किस समय तक पूरी की जाएगी। अब प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले युवा अपने लक्ष्य और समय का बेहतर प्रबंधन कर सकेंगे।

भर्तियों में पारदर्शिता और निष्पक्षता को सर्वोपरि महत्त्व देते हुए पेपर लीक और अनियमितताओं से उपजे अविश्वास को दूर करने के लिए सख्त कदम उठाए गए हैं। परीक्षा प्रक्रिया में तकनीक का अधिक उपयोग, निगरानी तंत्र को मजबूत करना और दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई जैसी पहलों से स्पष्ट हैं कि मेहनत करने वाले युवाओं के साथ किसी भी तरह का अन्याय बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

प्रत्येक युवा को सरकारी सेवा में स्थान मिलना संभव नहीं, लेकिन हर युवा को रोजगार और आत्मनिर्भरता का अवसर मिलना चाहिए। इसी दृष्टिकोण के साथ सरकार ने निजी क्षेत्र में भी रोजगार सृजन को बढ़ावा दिया है। आंकड़े बताते हैं कि निजी क्षेत्र में ढाई लाख से अधिक रोजगार का सृजन हो चुका है। यह उपलब्धि इस बात का प्रमाण है कि सरकार उद्योग, निवेश और उद्यिमता के माध्यम से युवाओं के लिए नए अवसर तैयार करने में गंभीर है।

कौशल विकास इस पूरी प्रक्रिया का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है। बाजार को कुशल और प्रशिक्षित मानव संसाधन की आवश्यकता है। इस आवश्यकता को समझते हुए राज्य सरकार ने करीब साढ़े तीन लाख युवाओं को कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया है। यह प्रशिक्षण युवाओं को न केवल रोजगार योग्य बनाता है, बल्कि उन्हें आत्मविश्वास भी देता है कि वे बदलते समय और तकनीकी मांगों के साथ कदम से कदम मिला सकते हैं। कौशल प्रशिक्षण को उद्योगों की जरूरतों से जोड़ना और स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर पैदा करने की यह नीति युवाओं को अपने ही क्षेत्र में भविष्य तलाशने का अवसर देती है।

शिक्षा और कौशल के साथ-साथ सरकार ने स्टार्टअप और स्वरोजगार को भी प्रोत्साहित किया है। युवाओं को नौकरी मांगने वाला नहीं, बल्कि नौकरी देने वाला बनाने की सोच सरकार की नीतियों में स्पष्ट झलकती है। उद्यिमता को बढ़ावा देने वाली योजनाएं, वित्तीय सहायता और मार्गदर्शन से अनेक युवा अपने सपनों को साकार करने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। यह बदलाव केवल आर्थिक नहीं, बल्कि मानसिक भी है, जहां युवा जोखिम लेने और नवाचार करने के लिए प्रेरित हो रहे हैं।

भजनलाल शर्मा सरकार की एक और महत्वपूर्ण विशेषता युवाओं के साथ संवाद हैं। सरकारी नीतियां तभी सफल होती हैं जब उनके लाभार्थी खुद को प्रक्रिया का हिस्सा महसूस करें। युवाओं की समस्याओं को सुनना, उनके सुझावों को महत्व देना और उन्हें भरोसे में लेने का दृष्टिकोण लोकतांत्रिक शासन को मजबूत करता है। इससे युवाओं में यह भावना पैदा होती है कि सरकार केवल आदेश देने वाली संस्था नहीं, बल्कि उनकी साझेदार है।

निस्संदेह, बेरोजगारी जैसी जटिल समस्या का समाधान एक दिन में संभव नहीं है। लेकिन सही दिशा में उठाए गए कदम, स्पष्ट नीति और ईमानदार प्रयास यह विश्वास दिलाते हैं कि सरकार समस्या की जड़ तक पहुंचना चाहती है। सरकारी नियुक्तियां, निजी क्षेत्र में रोजगार सृजन, कौशल प्रशिक्षण और पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया इत्यादि मिलकर युवाओं के लिए एक सकारात्मक वातावरण तैयार कर रही हैं।

राजस्थान की वर्तमान भजनलाल शर्मा सरकार ने युवाओं के साथ विश्वास का नया अध्याय लिखा है। सबसे बड़ी उपलब्धि यह है कि युवाओं में यह भावना मजबूत हुई है कि उनकी मेहनत व्यर्थ नहीं जाएगी। यदि यही प्रतिबद्धता, पारदर्शिता और निरंतरता बनी रही, तो राजस्थान का युवा न केवल अपने राज्य, बल्कि देश के विकास में भी अग्रणी भूमिका निभाएगा। युवाओं में जगा यह विश्वास राजस्थान के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत आधारशिला बनता है।

**–अलका सक्सेना,**
**अतिरिक्त निदेशक जनसंपर्क**
**( सेनि. )**

# ईसरदा-दौसा पेयजल परियोजना

## दौसा एवं सवाई माधोपुर जिलों के 1256 गांवों एवं 6 कस्बों में होगी पेयजल आपूर्ति



**मानसिंह मीणा**

राजस्थान लंबे समय से पानी की कमी से जूझता रहा है जिससे न केवल आम जनजीवन प्रभावित होता है बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि एवं पशु पालन पर भी असर पड़ता है। ऐसे में जल जीवन मिशन के तहत निर्माण हो रही ईसरदा-दौसा पेयजल परियोजना से दौसा एवं सवाई माधोपुर जिले के 1 हजार 256 गांव एवं 6 कस्बों को 3 लाख 6 हजार 198 जल संबंध किये जाएंगे। इस परियोजना से दोनों जिलों के 35 लाख आबादी को स्वच्छ पेयजल मिलेगा बल्कि पर्याप्त जल उपलब्धता से किसानों और पशुपालकों को सीधा लाभ होगा।

**प्रथम पैकेज** के अन्तर्गत 225 एमएलडी फिल्टर प्लान्ट एवं 2 स्वच्छ जलाशय (ईसरदा 24.5), बगडी-21.5 एमएल) व 2 पम्प हाउस एवं कुल 341 किमी टांसमिशन पाईपलाईन (इनटेक वैल से महुआ तक) बिछाने का कार्य कार्य किया जा रहा है। फर्म द्वारा 286 किमी पाईप लाईन बिछाने का कार्य किया जा चुका है। वर्तमान में मुख्य टांसमिशन पाईप लाईन, क्वाटर्स, गेस्ट हाउस, स्वच्छ जलाशय व फिल्टर प्लांट का निर्माण कार्य प्रगति पर है।

**द्वितीय पैकेज** के अन्तर्गत ईसरदा बांध पर इन्टेक वैल एवं पम्प हाउस (भवन निर्माण) कार्य किया जा रहा है। जिसकी अनुमानित लागत राशि रूपये 17.82 करोड़ है।

- **3 लाख 6 हजार 198 जल कनेक्शन होंगे**
- **35 लाख की आबादी को मिलेगा शुद्ध पेयजल**
- **4 हजार 58 करोड रूपये होंगे खर्च**

**तृतीय पैकेज ( अ )** के अन्तर्गत लालसोट कलस्टर के तहत 302 ग्रामों की 5 लाख 57 हजार 652 जनसंख्या (2054) को 33 हजार 460 जल संबंधों के माध्यम से एवं लालसोट शहर की 69 हजार 35 जनसंख्या (2054) को लाभान्वित किया जाएगा। वर्तमान में पाईप लाईन सप्लाई व स्वच्छ एवं उच्च जलाशय का निर्माण कार्य प्रगति पर है।

**तृतीय पैकेज ( ब )** के अन्तर्गत दौसा कलस्टर के तहत 248 गांवों की 5 लाख 92 हजार 868 जनसंख्या (2054) को 39 हजार 250 जल संबंधों के माध्यम से एवं दौसा शहर की 1 लाख 79 हजार 790 जनसंख्या (2054) को लाभान्वित किया जाएगा।

**चतुर्थ पैकेज** बसवा कलस्टर पैकेज के अन्तर्गत 368 ग्रामों की 9 लाख 81 हजार 746 जनसंख्या (2054) को 58 हजार 562 जल संबंधों के माध्यम से एवं बांदीकुई शहर की 1 लाख 56 हजार 800 जनसंख्या (2054) को लाभान्वित किया जाना प्रस्तावित है। पैकेज चतुर्थ (बसवा व सिकराय) का कार्यादेश जारी किया जा चुका है। वर्तमान में पाईप लाईन सप्लाई व स्वच्छ एवं उच्च जलाशय का निर्माण कार्य प्रगति पर है। कलस्टर के तहत 2077 किमी पाईप लाईन बिछाई जानी है, अब तक 1666 किमी पाईपलाईन बिछायी जा चुकी है।

**पंचम पैकेज** महुआ के तहत वर्तमान में पाईप लाईन सहित स्वच्छ एवं उच्च जलाशय का निमार्ण कार्य किया जा रहा है। इस पैकेज के अन्तर्गत 315 किमी पाईप लाईन बिछाई जानी है। जिसमें अभी तक 208 किमी पाईपलाईन बिछाई जा चुकी है।

**षष्टम पैकेज** कलस्टर बौंली, चौथ का बरवाड़ा व मलारना डूंगर पैकेज का कार्य परियोजना खण्ड सवाईमाधोपुर द्वारा सम्पादित किया जा रहा है। पैकेज के अन्तर्गत बौली तहसील के 99 ग्रामों को, मलारना डूंगर तहसील के 61 ग्रामों को एवं चौथ का बरवाड़ा तहसील के 17 ग्रामों को पेयजल से लाभान्वित किया जाएगा।

**–मानसिंह मीणा,**
**उप निदेशक ( जनसम्पर्क )**
**जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, जयपुर**

# सांवलिया सेठ के भंडार के दूसरे चरण की गिनती में 5.54 करोड़ की राशि प्राप्त हुई

**मंडफिया,** (निसं)। भगवान श्री सांवलिया जी सेठ मंडफिया के दरबार में 17 जनवरी चतुर्दशी को खोले गए भंडार की शेष रही राशि की गिनती सोमवार को मंदिर बोर्ड अध्यक्ष हजारी दास वैष्णव की उपस्थिति में दूसरे चरण में हुई। दूसरे चरण से भंडार से 5 करोड़ 54 लाख 25 हजार रुपए नगद प्राप्त हुए। इससे पहले प्रथम चरण में 10 करोड़ 25 लाख रुपए नगद प्राप्त हुए थे। इन दोनों को मिलाकर भंडार से 15 करोड़ 79 लाख 25 हजार रुपए नगद प्राप्त हुए हैं। तीसरे चरण की गिनती मंगलवार को होगी।

वहीं रविवार को मौनी अमावस्या पर्व पर भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। मंदिर मंडल एवं प्रशासन की ओर से भक्तों को पंक्तिबद्ध क्रम से एवं शांतिपूर्वक भगवान के दर्शन हो ऐसी व्यवस्था की गई। मंदिर मंडल की ओर से यात्रियों के लिए पर्याप्त व्यवस्थाएं की गई। अमावस्या पर्व पर शाम पांच बजे मंदिर मंडल की ओर से देवकी सदन धर्मशाला में महाप्रसादी का आयोजन किया गया जिसमें हजारों भक्तों ने प्रेमपूर्वक बैठकर भोजन ग्रहण किया। इस मौके पर दो दिवसीय अमावस्या मेला हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। भंडार गिनती में मंदिर बोर्ड अध्यक्ष हजारी दास वैष्णव, सदस्य पवन तिवारी, लेखाधिकारी राजेंद्र सिंह, मंदिर प्रभारी भैरूगिरी गोस्वामी सहित मंदिर व बैंकों के कर्मचारी उपस्थित थे।



**मंदिर कर्मचारियों ने भंडार से निकले नोटों की गिनती की।**

## राशिफल मंगलवार 20 जनवरी, 2026



**पंडित अनिल शर्मा**

माघ मास, शुक्ल पक्ष, द्वितीया तिथि, मंगलवार, विक्रम संवत 2082, श्रवण नक्षत्र दिन 1:07 तक, सिद्धि योग रात्रि 8:01 तक, बालव करण दिन 7:21 तक, चन्द्रमा आज रात्रि 1:35 से कुम्भ राशि में संचार करेगा।

**गृह स्थिति:** सूर्य-मकर, चन्द्रमा-मकर, मंगल-मकर, बुध-मकर, गुरू-मिथुन, शुक्र-मकर, शनि-मीन, राहु-कुम्भ, केतु-सिंह

आज द्विपुष्कर योग दिन 1:07 से रात्रि 2:43 तक है। राजयोग दिन 1:07 से आरम्भ होगा। आज चन्द्र दर्शन, उत्तर श्रृंगोन्नति है। पंचक रात्रि 1:35 से आरम्भ होंगे।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** चर 9:59 से 11:18 तक, लाभ-अमृत 11:18 से 1:57 तक, शुभ 3:16 से 4:35 तक।

**राहूकाल:** 3:00 से 4:30 तक। सूर्योदय 7:21, सूर्यास्त 5:55

**मेष**
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। चलते कार्यों में प्रगति होगी। आर्थिक मामलों में संतुलन बना रहेगा।

**वृष**
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**मिथुन**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। शुभ कार्यों में व्यवधान हो सकता है। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। आर्थिक मामलों में परेशानी हो सकती है।

**कर्क**
परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। परिवार में धार्मिक-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे।

**सिंह**
वास्थ्य संबंधित चिन्ता दूर होगी। अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में शुभ संदेश प्राप्त होंगे।

**कन्या**
परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। आज महत्वपूर्ण कार्यों के संबंध में उचित सोच-विचार हो सकता है। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**तुला**
घर-परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**वृश्चिक**
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी।

**धनु**
आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। संभावित धन प्राप्त होगा। आय में वृद्धि होगी। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी। परिवार में मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

**मकर**
अपने अति आवश्यक और महत्वपूर्ण कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यक्तिगत प्रयासों और परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है।

**कुंभ**
घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। आज समय अनर्गल कार्यों में खराब हो सकता है। मन में असंतोष बना रहेगा।

**मीन**
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। घर-परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा।

# थैलेसीमिया कुटुंब योजना का शुभारंभ

**डूंगरपुर।** डूंगरपुर जिले में भी थैलेसीमिया से ग्रसित बच्चों को बिना किसी रिप्लेसमेंट के पर्याप्त मात्रा में एवं मांग अनुसार रक्त उपलब्ध करवाने हेतु सोमवार को स्वयंसेवी संस्थाओं की ब्लड सेंटर श्री हरिदेव जोशी सामान्य चिकित्सालय डूंगरपुर में कार्यशाला का आयोजन किया,जिसमें महावीर इंटरनेशनल, सिंधी समाज, इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी, चौबीसा समाज, ग्रुप रॉयल, ग्रुप राजस्थान बाल कल्याण समिति, रोटरी क्लब एवं अन्य स्वयंसेवी संस्थाओं ने उपस्थिति दी और उन्हें सभी को राज्य सरकार की थैलेसीमिया कुटुंब योजना के बारे में विस्तृत जानकारी नोडल चिकित्सा अधिकारी द्वारा दी गई।

## हमले में व्यक्ति घायल

**उदयपुर, (कासं)।** शहर के अम्बामाता थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ शराब की बोतल से पीडित पर प्राणघातक हमला करने का प्रकरण दर्ज किया।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार चित्तोढ़गढ हॉल सज्जननगर अम्बामाता निवासी विजयसिंह पुत्र गणपतसिंह भाटी ने कमल नामक आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया।


## कार्यालय नगर पालिका मण्डल बिजौलियाँ, जिला–भीलवाड़ा (राज0)

nagarpalikabijoliya@gmail.com, nagarpalikabijoliya@rajasthan.gov.in

क्रमांकः–न0पा0बि0 / भूमि शाखा / 2025–26 / 4834 दिनांकः– 13.01.2026

**सार्वजनिक आपत्ति आमंत्रण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका बिजौलियाँ में निम्नानुसार भवन निर्माण स्वीकृति / पट्टे हेतु ऑनलाईन आवेदन प्राप्त हुए है। जिन पर कार्यवाही प्रगतिरत है:–

| क्र. स. | पत्रावली संख्या | आवेदक मय पिता / पति का नाम | प्रयोजनार्थ | क्षेत्रफल (वर्ग मीटर में) | पता |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | LD/BJLA/2025-26/315400 | श्रीमति कान्ता देवी कोली पत्नि श्री शंकर लाल कोली | पट्टा विलेख | 123.32 | मानक मगरी, बिजौलियां |
| 2 | LD/BJLA/2025-26/315504 | श्री राजेश कुमार धाकड पुत्र श्री बाबूलाल धाकड | पट्टा विलेख | 116.12 | पथिक नगर 03, आदर्श नगर, बिजौलियां |
| 3 | LD/BJLA/2025-26/325533 | श्री मुकेश कुमार तेली पुत्र श्री बाबू लाल तेली | पट्टा विलेख | 232.25 | पथिक नगर 03, बिजौलियां |
| 4 | LD/BJLA/2025-26/325847 | श्री श्याम सुन्दर सोनी पुत्र श्री सुरेश सोनी | पट्टा विलेख | 125.41 | जानकी नगर, बिजौलियां |
| 5 | LD/BJLA/2025-26/327611 | श्रीमति गायत्री देवी लुहार पत्नि श्री अमरदीप मालवीय | पट्टा विलेख | 92.90 | पथिक नगर 03, बिजौलियां |
| 6 | LD/BJLA/2025-26/315466 | श्री दिनेश चन्द्र तिवाडी पुत्र श्री कन्हैया लाल तिवाडी | पट्टा विलेख | 133.10 | सहकारी समिति के सामने, पथिक नगर, बिजौलियां |
| 7 | LD/BJLA/2025-26/315654 | श्रीमति सम्पत गौड पत्नि श्री ओमप्रकाश गौड | पट्टा विलेख | 44.22 | शहर कोट के अन्दर, बिजौलियां |
| 8 | LD/BJLA/2025-26/315750 | श्री छोटू लाल पुत्र श्री लालचन्द | पट्टा विलेख | 142.09 | कच्ची बस्ती, बिजौलियां |
| 9 | LD/BJLA/2025-26/330976 | श्री दुर्गा शंकर चित्तौडा पुत्र श्री आनन्दी लाल चित्तौडा एवं श्री दिनेश कुमार चित्तौडा पुत्र श्री दुर्गा शंकर चित्तौडा | पट्टा विलेख | 232.25 | पथिक नगर 03, बिजौलयां |
| 10 | LD/BJLA/2025-26/334208 | श्री रोशन लाल धाकड पुत्र श्री सुगन लाल धाकड | पट्टा विलेख | 125.41 | जानकी नगर, बिजौलियां |
| 11 | LD/BJLA/2025-26/334358 | श्री कैलाश चन्द्र मीणा पुत्र श्री भूरा लाल मीणा | पट्टा विलेख | 120.77 | पथिक नगर प्लान 02, बिजौलयां |
| 12 | LD/BJLA/2025-26/334584 | श्रीमति अनिता देवी धाकड पत्नि श्री प्रकाश चन्द्र धाकड एवं श्रीमति शांति देवी धाकड पत्नि श्री कमलेश धाकड | पट्टा विलेख | 232.25 | पथिक नगर 02, बिजौलयां |
| 13 | LD/BJLA/2025-26/334865 | श्री कमलेश गुर्जर पुत्र श्री कंवर लाल गुर्जर | पट्टा विलेख | 122.58 | तहसील के सामने, बिजौलियां |
| 14 | LD/BJLA/2025-26/335784 | श्रीमति विद्या ब्रहमभट्ट पत्नि श्री लक्ष्मीनारायण ब्रहमभट्ट | पट्टा विलेख | 125.41 | व्यापार मण्डल, बिजौलियां |
| 15 | LD/BJLA/2025-26/336168 | श्री सुरेश चन्द्र धाकड पुत्र श्री मन्ना लाल धाकड | पट्टा विलेख | 133.84 | धानमण्डी व्यापार मण्डल योजना बिजौलियां |
| 16 | LD/BJLA/2025-26/336170 | श्री नाना लाल धाकड पुत्र श्री चुन्नी लाल धाकड | पट्टा विलेख | 93.64 | धानमण्डी के पास बिजौलियां |
| 17 | NPBIJA/2025-26/BPAS/8 | श्रीमति सुनिता धाकड | भवन निर्माण स्वीकृति | 166.80 | केसरगंज धाकड |
| 18 | NPBIJA/2025-26/BPAS/9 | श्री खाजू हैला | भवन निर्माण स्वीकृति | 250.83 | फकीर बस्ती, बिजौलियां |
| 19 | NPBIJA/2025-26/BPAS/10 | श्री सुनील कसेरा | भवन निर्माण स्वीकृति | 115.03 | मानक मगरी विस्तार, बिजौलियां |
| 20 | NPBIJA/2025-26/BPAS/11 | श्रीमति अनिता देवी धाकड एवं शांति देवी धाकड | भवन निर्माण स्वीकृति | 232.25 | पथिक नगर 02, बिजौलयां |
| 21 | NPBIJA/2025-26/BPAS/12 | श्री सम्पत गौड | भवन निर्माण स्वीकृति | 47.38 | शहर कोट के अन्दर, बिजौलियां |
| 22 | NPBIJA/2025-26/BPAS/13 | श्री श्याम सुन्दर सोनी | भवन निर्माण स्वीकृति | 125.42 | जानकी नगर, बिजौलियां |

यदि किसी व्यक्ति / पडौसी / संस्था / व्यश्टि को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति, उक्त सूचना प्रकाशित होने की तिथि से 07 दिवस के अन्दर मय साक्ष्य इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। आपत्ति अवधि समाप्त होने के पश्चात् किसी भी प्रकार की आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा। एवं नगर पालिका द्वारा उपलब्ध दस्तावेजों के आधार पर पत्रावली पर संपरिर्वतन / पट्टा किया जा सकेगा।

राज.संवाद / सी / 25 / 17929 अधिशाषी अधिकारी


# उदयपुर में दो दिवसीय चिंतन शिविर शुरू

- कृषि प्रसंस्करण मंत्रालय का दो दिवसीय चिंतन शिविर शुरू
- नीतिगत सुधारों और निवेश संभावनाओं पर सुझाव दिए

**उदयपुर, (कासं)।** भारत सरकार के खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय द्वारा उदयपुर के मैरियॉट होटल में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय चिंतन शिविर सोमवार से प्रारंभ हुआ। इसमें देश के खाद्य प्रसंस्करण पारिस्थितिकी तंत्र को सशक्त बनाने को लेकर व्यापक विचार–विमर्श हुआ।

शिविर का उद्देश्य किसानों की आय बढ़ाने, फसल के बाद होने वाले नुकसान को कम करने, मूल्य वर्धन को प्रोत्साहित करने तथा युवाओं और महिलाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित करना रहा। शिविर के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान ने कहा कि सरकार का लक्ष्य एक आधुनिक, प्रतिस्पर्धी और समावेशी खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र विकसित करना है, जो भारत की आर्थिक वृद्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाए। उन्होंने कहा कि खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र किसानों को सीधे बाजार से जोड़ने, कृषि उत्पादों का बेहतर मूल्य दिलाने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करने का सशक्त माध्यम है। चिंतन शिविर में मंत्रालय के सचिव अभिनव जोशी, विशेष सचिव स्मत नंदिता गोपाल तथा संयुक्त सचिव देवेश देवल की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में हो रहे तकनीकी परिवर्तनों और स्टार्टअप ग्रांट चौलेंज के विजेताओं की सफलता की कहानियों पर आधारित विशेष प्रकाशनों का विमोचन भी किया गया, जो नवाचार और उद्यमिता को प्रेरित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। शिविर के दौरान खाद्य प्रसंस्करण क्षमता में वृद्धि, व्यापार को सुगम बनाने, बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करने तथा उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए ठोस और व्यावहारिक रणनीतियों पर गहन चर्चा हुई। उद्योग जगत के प्रतिनिधियों, स्टार्टअप्स और अन्य स्टेकहोल्डर्स ने अपने अनुभव साझा करते हुए नीतिगत सुधारों और निवेश संभावनाओं पर उपयोगी सुझाव दिए।

## चयनित पांच वार्डों में स्वच्छता के कार्य जारी

**उदयपुर, (कासं)।** मारवाड अंचल के नगर निगम जोधपुर द्वारा के.के. गुप्ता को जोधपुर शहर में स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण से संबंधित समुचित मार्गदर्शन प्रदान करने हेतु आमंत्रित किया था। इसके पश्चात से गुप्ता द्वारा वृहद स्तर पर बैठक में लेते हुए स्वच्छ भारत मिशन के प्रत्येक मापदंड को जोधपुर शहर में लागू करने को निर्देशित किया गया। जोधपुर नगर निगम आयुक्त द्वारा आदेशों की पालना में जोधपुर नगर निगम के पायलट प्रोजेक्ट के रूप में प्रारंभिक चरण में चयनित पांच वार्ड संख्या 36, 8, 54, 99 और 82 में स्वच्छता अपनाने की दिशा में कार्य करते हुए गंदगी को हटाने, सड़क से अतिक्रमण मुक्ति, नाली और नालों की साफ सफाई, सामुदायिक शौचालय और मूत्रालय की दिन में तीन बार सफाई, सभी पांच वार्ड के प्रत्येक घर से नियमित रूप से कचरा संग्रहण करने आदि कार्य जारी है।जोधपुर शहर की बिगड़ती सफाई व्यवस्था और कचरा प्रबंधन को लेकर राजस्थान हाईकोर्ट का सख्त रुख जारी है। इसी से जुड़े मामले में राज्य सरकार और नगर निगम ने कोर्ट को बताया है कि वे शहर को साफ रखने के लिए डूंगरपुर मॉडल के सूत्रधार के.के. गुप्ता की मदद ले रहे हैं। जस्टिस विनीत कुमार माथुर और जस्टिस चंद्र शेखर शर्मा की खंडपीठ ने गुरुवार को इस मामले पर सुनवाई की।

# लंबित कार्यों में प्रगति लाने के निर्देश दिए

**डूंगरपुर।** जिला कलक्टर अंकित कुमार सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को साप्ताहिक समीक्षा बैठक हुई।

जिला परिषद के ईडीपी सभागार में आयोजित बैठक में जिला कलक्टर ने सभी विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि उनके विभाग से संबंधित ऐसे प्रोजेक्ट एवं योजनाएं जिनका कार्य लंबित है, उनका विश्लेषण एवं समीक्षा करते हुए सूची बनावें तथा प्रभावी मॉनिटरिंग के साथ कार्यों को गति दे। इसके साथ ही उन्होंने विभाग वार समीक्षा करते हुए पीएचईडी विभाग को ग्राम पंचायत वार संचालित योजना की सूची बनाकर देने, आरयूडीआईपी के साथ बैठक करते हुए पेयजल वितरण व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने हेड पंप, ट्यूबवेल की समीक्षा करते हुए काब्जा में पेयजल वितरण व्यवस्था की जानकारी ली, जिस पर अधिक्षण अभियंता ने काब्जा में पुलिया बनने से पाइपलाइन हटाने तथा उसकी जगह ओपन वेल से वितरण व्यवस्था अति शीघ्र शुरू करने की जानकारी दी। बैठक में पीडब्ल्यूडी विभाग ने पीएमजीएसवाय योजना अंतर्गत सडकों की स्वीकृति अटल गौरव पथ, हेलीपैड निर्माण, रिकॉर्ड रूम के कार्य प्रगति की जानकारी दी। जिला कलक्टर सिंह ने जीएमडीआईसी कार्यालय तथा आईटीआई कॉलेज हेतु स्वीकृति, टेंडर आदि की जानकारी लेते हुए दिशा निर्देश प्रदान किये। बैठक में एवीएनएल विभाग द्वारा कृषि कनेक्शन जारी करने, सूर्य घर योजना अंतर्गत 981 कनेक्शन पूर्ण करने, बजट घोषणा अंतर्गत एक जीएसएस का पूर्ण होने तथा अन्य तीन के कार्य प्रगतिरत होने की जानकारी दी। इसी ऋम में शिक्षा विभाग द्वारा 12वीं बोर्ड परीक्षा हेतु तैयारी, पीएमश्री विद्यालय की समीक्षा करते हुए जानकारी दी। बैठक में जिला कलक्टर ने टीएडी छात्रावासों के वार्डन के साथ बैठक लेने तथा औचक निरीक्षण करने के निर्देश दिए,वही एमजेएसए कार्यों की समीक्षा के दौरान पूर्ण हुए कार्य को पोर्टल पर अपडेट करने के निर्देश दिए।

# टेबल टेनिस में उदयपुर बना उपविजेता

**उदयपुर, (कासं)।** कोटा जिला प्रशासन के तत्वावधान में चौथी राजस्थान राज्य अंतरजिला टेबल टेनिस प्रतियोगिता 17 से 19 जनवरी तक आयोजित हुई। इसमें उदयपुर जिले की टीम ने उपविजेता का स्थान प्राप्त किया।

लीग मैचेस में उदयपुर ने चित्तौड़गढ़, प्रतापगढ़, बारां, दौसा, और बाड़मेर को एकतरफा मुकाबले में परास्त कर ग्रुप टॉप किया। झुंझुनूं को क्वार्टर फाइनल में हरा कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सेमीफाइनल मुकाबले में पाली को 3–0 से हरा कर फाईनल में प्रवेश किया। फाइनल मुकाबले में भीलवाड़ा ने उदयपुर को परास्त कर खिताब पर कब्जा किया। प्रतियोगिता में रविंद्र सिंह शेखवात और लक्ष्मण सिंह चौहान का उल्लेखनीय प्रदर्शन रहा व संजय शर्मा, देवेंद्र सिंह, नगेन्द्र सिंह, ओम प्रकाश चौधरी और चंद्रपाल सिंह का भी अच्छा सहयोग रहा। टीम की इस उपलब्धि पर जिला प्रशासन उदयपुर की ओर से मैनेजर गजेंद्र सिंह और दल–प्रबंधक सुरेंद्र सिंह ने बधाई दी।

## शहर में 4 स्थानों पर हुई सीज कार्यवाही

उदयपुर, 19 जनवरी। नगर निगम ने नगरीय विकास कर को लेकर फिर से सख्ती शुरू की है, कर वसूली को लेकर निगम आयुक्त अभिषेक खन्ना के निर्देश पर सोमवार को निगम द्वारा कुल चार सम्पतियों को सीज किया।

नगर निगम राजस्व अधिकारी नितेश भटनागर ने बताया कि आयुक्त अभिषेक खन्ना के निर्देश पर नगरीय विकास कर वसूलने को लेकर सोमवार को बडी कार्यवाही करते हुए 4 संपतियों को सीज किया। सोमवार को चरक मार्ग अम्बामाता स्कीम स्थित टखमन 28 आर्ट सेन्टर जिसका नगरीय विकास कर कुल 24,44,282 बकाया था जिसे सीज किया। नीमच खेडा ट्रेजर टाउन स्थित एलटीवी 007 जिसका नगरीय विकास कर कुल 57,०8,866 रूपये बकाया था जिसे भी सीज किया। राडा जी चौराया अम्बामाता स्थित वैदेही फूड प्लाजा जिसका कुल 4,31,999 रुपया नगरीय विकास कर बकाया चल रहा था उसको भी सीज किया गया। बी एन कॉलेज सेवाश्रम पेट्रोल पंप के सामने स्थित चंद्रा मोटर्स जिसका कुल 3,44,099 रुपया नगरीय विकास कर बकाया था उसको भी सीज किया गया। आयुक्त खन्ना के अनुसार इनके द्वारा नगरीय विकास कर की राशि जमा नहीं कराने से नगर निगम द्वारा इन व्यावसायिक सम्पतियों पर ताला लगा इनकी व्यावसायिक गतिविधियाँ बन्द करा दी गई। संबंधित फर्मो द्वारा टैक्स बकाया रहने के लिए कोई संतोषप्रद कारण भी नही बताया गया। फर्म से कुल बकाया का नोटिस भी तामिल करवाया जा चुका था। सभी कार्यवाही पूरी करने के उपरांत निगम ने कार्यवाही करते हुए राजस्थान नगरपालिका अधिनियम 2009 की धारा की उपबंधो के अधिन यू डी टैक्स की वसूली की पूर्ती हेतु चार संपतियो को सीज करने की कार्यवाही की गई। कार्यवाही के दौरान सहायक प्रशासनिक अधिकारी विनोद अग्रवाल और भारी पुलिस बल मौजूद रहा।

## सार-समाचार

### जिला कलेक्टर कार्यालय पर प्रदर्शन

**उदयपुर, (कासं)।** मतदाता पुनरीक्षण प्रक्रिया में सामने आई गंभीर अनियमितताओं, बिना ठोस कारण बडी संख्या में फॉर्म–7 जमा किए जाने तथा लोकतांत्रिक प्रक्रियासे छेडछाड के विरोध में आज उदयपुर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष फतह सिंह राठौड के नेतृत्व में जिला कलेक्टर कार्यालय पर प्रदर्शन किया। इस दौरान जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते हुए दोषियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की गई।कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अंतर्गत चल रही मतदाता सूची पुनरीक्षण प्रक्रिया के दौरान उदयपुर विधानसभा क्षेत्र सहित शहर के विभिन्न हिस्सों में नियमों की अनदेखी कर बिना पर्याप्त कारण व प्रमाण के फॉर्म–7 दाखिल किए जा रहे हैं, जिससे वैध मतदाताओं के नाम हटाने का कुप्रयास हो रहा है। यह न केवल निर्वाचन नियमों का उल्लंघन है, बल्कि लोकतंत्र की मूल भावना पर भी आघात है। ज्ञापन में उदयपुर विधायक ताराचंद जैन तथा उनसे जुडे भाजपा नेताओं/कार्यकर्ताओं की भूमिका की निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए सभी संदिग्ध फॉर्म–7 की गहन पडताल, नियमविरुद्ध आवेदन करने वालों पर तत्काल कार्रवाई और यह सुनिश्चित करने की मांग रखी गई कि किसी भी वैध मतदाता का नाम मनमाने ढंग से न हटे। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं सहित बडी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे। कांग्रेस कमेटी ने चेतावनी दी कि यदि मतदाता पुनरीक्षण प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित नहीं की गई और दोषियों पर कार्रवाई नहीं हुई, तो आंदोलन को और व्यापक किया जाएगा।

### पति ने पत्नी की हत्या की

**उदयपुर, (निसं)।** जिले के झाड़ोल थाना क्षेत्र में पती ने मारपीट कर पत्नी की हत्या कर दी। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार 16 जनवरी रात में झाड़ोल थाना क्षेत्र गोदावाड़ा निवासी पप्पु पुत्र कालू खराड़ी तथा उसकी पत्नी प्यारीबाई (35) के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। इस दौरान कहासुनी तक बात बढ़ने पर पप्पुसिंह ने प्यारी के साथ मारपीट की तथा लात मार दी, जो पेट में लगने से वह गंभीर घायल होने से उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर झाड़ोल थानाधिकारी फैलीराम ने मौके पर पहुंच कर मृतक का पोस्टमाअर्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया। दोनों के बीच विवाद होने के दौरान पप्पु शराब के नशे में था। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू की।

### ट्रक चालक की अकाल मौत

**उदयपुर, (निसं)।** टीडी थाना क्षेत्र में ट्रक चालक की अकाल मौत हो गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार टीडी थाना क्षेत्र में बारा हाइवे पर ट्रक चालक सिहोद झुंझनूं निवासी राजकुमार (30) पुत्र लिलाराम मीणा की रविवार को अकाल मौत हो गई। राजकुमार 17 जनवरी को अहमदाबाद से ट्रक लेकर दिल्ली जाने के लिए रवाना हुआ जहां 18 जनवरी को बारा हाइवे पर रूकने पर अचानक उसकी तबीयत खराब हो गई। इसको देख साथी उसे उपचार के लिए चिकित्साल ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर एएसआई कालूलाल ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया।


### नकदी हड़पी, मामला दर्ज

**उदयपुर, (निसं)।** उदयपुर शहर के सविना थाना पुलिस ने पीडित से उधार ली गई नकदी हडपने वाले के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित गोपालसिंह पुत्र विजयसिंह सिसदेयिा निवासी आदर्शनगर तीतरड़ी ने चन्द्रभानसिंह पुत्र शैतानसिंह के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें पीडित ने बताया कि आरोपी से अच्छा परिचय होने से उसने मुझे बजरी कारोबार शुरू करने के लिए आवश्यकता होने पर31 मार्च 23 को 20 लाख रूपये उधार लिए तथा निर्धारित समय पर लौटने की बात कही थी। लेकिन आज दिन तक नकदी नहीं लौटाई। संपर्क करने पर टालम टोल करना शुरू कर दिया। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

### गजेंद्र सिंह शक्तावत की पुण्यतिथि आज

**उदयपुर, (निसं)।** पूर्व संसदीय सचिव व पूर्व विधायक गजेंद्र सिंह शक्तावत की पंचम पुण्यतिथि पर विधानसभा क्षेत्र सहित उदयपुर शहर में कई कार्यक्रम होंगे। गुलाब सिंह शक्तावत राजकीय जिला चिकित्सालय भींडर, सेटेलाइट हास्पीटल वल्लभनगर, खेरोदा चिकित्सालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कानोड में गायनिक वार्डो में कम्बल वितरण का कार्यक्रम होगा। इस कार्यक्रम का शुभारंभ वल्लभनगर में सुबह 8 बजे से होगा। गज गुलाब सेवा ट्रस्ट के तत्वावधान में गुलाब सिंह शक्तावत मूर्ति स्थल रामपोल बस स्टैंड भींडर पर सुबह 10 बजे से रक्तदान शिविर शुरू होगा। ट्रस्ट के अध्यक्ष विंध्यराज शक्तावत ने बताया कि जीकेएस एकेडमी व ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में उदयपुर स्थित स्वागत वाटिका के सामने सेक्टर 3 स्थित एकेडमी परिसर में रक्तदान शिविर सुबह 9 बजे से शुरू होगा। इस दौरान सभी कार्यक्रमों में पूर्व वल्लभनगर विधायक प्रीति गजेंद्र सिंह शक्तावत भी उपस्थित रहेंगी।


## पांचवीं पुण्यतिथि



## कीर्तिशेष स्व. श्री गजेन्द्र सिंह शक्तावत

( पूर्व संसदीय सचिव एवं विधायक - वल्लभनगर )

सुपुत्र स्व. श्री गुलाब सिंह जी शक्तावत

पूर्व गृहमंत्री राजस्थान सरकार

24 मई 1972 20 जनवरी 2021

आपकी मधुर स्मृति, स्नेह, मार्गदर्शन एवं आशीर्वाद हमारे लिए सदैव प्रेरणादायक रहेगा।

आप हमारें दिलों में सदैव जीवंत है

आपका जीवन हमारी प्रेरणा

श्रद्धावनत :

**प्रीति गजेन्द्र सिंह शक्तावत ( पत्नी )**

हितैषी कुमारी-ले.कमाण्डर अभिजीत सिंह (पुत्री-जवाईसा), गौरवी कुमारी (पुत्री),

**विंध्यराज सिंह (पुत्र)**

देवेन्द्र सिंह ( भ्राता ), श्यामा कुँवर - डॉ. अजय सिंह राठौड़, गोविन्द कुँवर - चन्द्रशेखर सिंह झाला, गोपाल कुँवर - कर्नल शेरसिंह राठौड़, नीतिका कुँवर - जयदीप सिंह चन्देला (बहन-जवाईसा)

जयव्रत सिंह ( भतीजा ) एवं समस्त शक्तावत परिवार






# डोटासरा अनर्गल बयानबाजी से जनता के बीच अफवाह और भ्रम फैलाने की राजनीति करते हैं : मदन राठौड़

## देश में 1992, 2002, 2003 और 2004 के दौरान कांग्रेस सरकारों ने एसआईआर कराया था; अब प्रक्रिया पर सवाल उठाना कांग्रेस की दोहरी मानसिकता : भाजपा प्रदेशाध्यक्ष

- देश के गृह मंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव पर लगाए जा रहे आरोप पूरी तरह निराधार और मनगढ़ंत हैं : मदन राठौड़
- एसआईआर की पूरी प्रक्रिया कानून के तहत निर्धारित, इसमें आपत्ति दर्ज कराने का अधिकार सभी को, हर आपत्ति की होगी विधिवत जांच : प्रेमचंद बैरवा



भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ और उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने सोमवार को नई दिल्ली में प्रैस कॉफ्रेंस की।

**नई दिल्ली/जयपुर ।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने सोमवार को नई दिल्ली में प्रेसवार्ता के दौरान कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के बयान पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की। राठौड़ ने कहा कि डोटासरा का यह स्वभाव बन चुका है कि वे बिना तथ्य और प्रमाण के मनगढ़ंत बातें करें और जनता के बीच भ्रम फैलाने का प्रयास करें। अफवाह फैलाना और अनर्गल बयानबाजी करना अब उनकी राजनीति का स्थायी हिस्सा बन गया है।

राठौड़ ने स्पष्ट किया कि मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण, जिसे एसआईआर कहा जाता है, कोई नई प्रक्रिया नहीं है। कांग्रेस के शासनकाल में भी यह प्रक्रिया कई बार अपनाई गई है। उन्होंने कहा कि वर्ष 1992 में एसआईआर हुआ, इसके बाद 2002, 2003 और 2004 में भी विभिन्न राज्यों में कांग्रेस सरकारों के दौरान मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण किया गया। ऐसे में आज इस प्रक्रिया पर सवाल उठाना कांग्रेस की दोहरी मानसिकता को दर्शाता है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि एसआईआर का उद्देश्य केवल और केवल यह सुनिश्चित करना है कि देश का प्रत्येक पात्र नागरिक मतदाता सूची में शामिल हो और अपात्र व्यक्ति का नाम सूची से हटाया जाए। इसमें किसी जाति, धर्म, वर्ग या मजहब का कोई भेदभाव नहीं होता। चुनाव आयोग पूरी पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ यह कार्य करता है। आयोग का एकमात्र उद्देश्य लोकतंत्र को मजबूत करना है, न कि किसी राजनीतिक दल को लाभ या हानि पहुंचाना।

राठौड़ ने कहा कि जो व्यक्ति इस देश का नागरिक नहीं है, उसका नाम मतदाता सूची से हटाने में क्या दिक्कत है। जो लोग जीवित नहीं हैं या जिनका नाम दो जगह दर्ज है, उनके नाम क्यों न काटे जाएँ। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस के पास कोई ठोस मुद्दा नहीं बचा है और उसे अपना जनाधार खोने का डर सता रहा है।

मदन राठौड़ ने आरोप लगाया कि कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष लगातार एसआईआर को लेकर झूठे आरोप गढ़ रहे हैं और भाजपा के राष्ट्रीय नेताओं के नाम लेकर अनावश्यक विवाद खड़ा करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश के गृह मंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव पर लगाए जा रहे आरोप पूरी तरह निराधार और मनगढ़ंत हैं। इन नेताओं ने एसआईआर को लेकर न तो कोई बयान दिया है और न ही कोई चर्चा की है। वे अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रमों में शामिल होने आए थे, लेकिन कांग्रेस को हर जगह काल्पनिक साजिशें नजर आने लगती हैं।उप मुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा ने डोटासरा के बयान की निंदा करते हुए कहा कि एसआईआर की पूरी प्रक्रिया कानून के तहत निर्धारित है, जिसमें किसी भी व्यक्ति को, चाहे वह किसी भी राजनीतिक दल से हो, आपत्ति दर्ज कराने का अधिकार है और हर आपत्ति की विधिवत जांच की जाएगी। उन्होंने कहा कि बहुत ज्यादा फॉर्म जमा होने की बात कही जा रही है, लेकिन यह स्पष्ट है कि सभी फॉर्म की जांच होगी और कानूनी प्रक्रिया के तहत वास्तविक मतदाता की ही पुष्टि की जाएगी। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस हमेशा उन्हीं व्यवस्थाओं पर सवाल उठाती है, जिन्हें उसने स्वयं लागू किया था।

ईवीएम कांग्रेस की ही देन है, लेकिन चुनाव हारते ही वही ईवीएम पर सवाल खड़े करने लगती है। इससे पहले एसआईआर भी कांग्रेस के समय भी होता था, लेकिन अब सवाल उठाए जा रहे हैं, यह आश्चर्य की बात है।

उप मुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा ने कहा कि अगर कांग्रेस को बहस करनी है तो वह विधानसभा में आए। हमारे दो साल के कार्यकाल की तुलना कांग्रेस के पांच साल के कार्यकाल से की जाए, हम बहस के लिए पूरी तरह तैयार हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता गोविंद सिंह डोटासरा विधानसभा जाना नहीं चाहते और सदन का सामना करने से बचते हैं। बैरवा ने कहा कि जनता को गुमराह करने का प्रयास ठीक नहीं है, अगर किसी मुद्दे पर संवाद चाहिए तो सरकार जवाब देने को तैयार है। उन्होंने कहा कि राइजिंग राजस्थान को लेकर भी कांग्रेस सवाल उठा रही है, जबकि 8 लाख करोड़ रुपये के एमओयू धरातल पर उतर चुके हैं और 90 हजार से अधिक लोगों को रोजगार मिला है। कांग्रेस आमने-सामने बैठकर चर्चा करे, सरकार हर सवाल का जवाब देगी।

# डोटासरा व जूली ने भाजपा पर लगाया मतदाता सूची में हेराफेरी का आरोप

- दोनों कांग्रेस नेताओं ने दिल्ली में प्रैस कॉफ्रेंस कर कहा कि "एस.आई.आर. के बहाने में राजस्थान में कांग्रेस समर्थकों के नाम मतदाता सूची से हटाने की साजिश चल रही है।"

**जयपुर ( कासं )।** राजस्थान कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा और नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने सोमवार को दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर राजस्थान की मतदाता सूचियों में बड़े पैमाने पर हेराफेरी का आरोप लगाया। दोनों कांग्रेस नेताओं ने कहा कि, भाजपा द्वारा राजस्थान में "धोखाधड़ी" के जरिए कांग्रेस समर्थकों के नाम मतदाता सूची से हटाने की साजिश रच रही है। डोटासरा ने कहा कि विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (एस.आई.आर.) के बाद लगभग 45 लाख नाम "अनुपस्थित, स्थानांतरित या मृत" पाए गए, जिसके बाद 15 जनवरी तक आपत्तियां मांगी गई थीं। उन्होंने आरोप लगाया कि 3 जनवरी तक पूरी प्रक्रिया सुचारू रूप से चल रही थी, लेकिन बीजेपी के राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) बी.एल. संतोष के राजस्थान दौरे के बाद अचानक फर्जी तरीके से नाम जोड़ने और हटाने का काम शुरू हो गया।

डोटासरा ने दावा किया कि, प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में 10 से 20 कंप्यूटरीकृत फॉर्म वितरित किए गए। बीजेपी विधायकों और मंत्रियों ने बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) के फर्जी हस्ताक्षर वाले हजारों फॉर्म एस.डी.एम. को सौंपे हैं। उन्होंने कहा कि नियमों के अनुसार, एक बीएलओ एक दिन में केवल 10 फॉर्म ही वितरित कर सकता है। लेकिन यहाँ हजारों की संख्या में फॉर्म जमा किए जा रहे हैं। कई बीएलओ ने मीडिया के सामने स्वीकार किया है कि फॉर्म पर उनके हस्ताक्षर फर्जी है। डोटासरा ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के 13 जनवरी के जयपुर दौरे को एक "गुप्त ऑपरेशन" बताया और आरोप लगाया कि, अमित शाह के दौरे के बाद मतदाता सूचियों में बदलाव की प्रक्रिया में तेजी आई। कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने इस संबंध में निर्वाचन आयोग के नवीन महाजन से मुलाकात की। उन्होंने आरोप लगाया कि अधिकारियों पर इन फर्जी फॉर्म्स को स्वीकार करने के लिए भारी दबाव बनाया जा रहा है। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने भी डोटासरा के दावों का समर्थन करते हुए कहा कि, बीजेपी ने स्थानीय पदाधिकारियों को पेन ड्राइव में डेटा दिया है ताकि वे हर निर्वाचन क्षेत्र में कांग्रेस समर्थकों के नाम हटा सकें और बीजेपी समर्थकों के फर्जी नाम जोड़ सके।

# पूर्व पार्षद ने एसआईआर को लेकर दर्ज कराया मुकदमा

**जयपुर ।** लालकोठी पुलिस थाने में आदर्श नगर निवासी पूर्व पार्षद अकबरद्दीन ने वोटर लिस्ट से नाम काटने का आरोप लगाते हुए एफआईआर दर्ज करवाने के लिए परिवाद दिया है। पूर्व पार्षद अकबरद्दीन का कहना है कि, वह मकान नंबर 188, धन्नादास की बगीची, धोबियो का मोड आदर्श नगर के निवासी है। पूर्व में उनका नाम वार्ड नंबर 89 के भाग 107 सांगानेरी गेट की वोटर लिस्ट के क्रम संख्या 692 पर दर्ज है। जिसका ईपिक नम्बर एमसीएम 3202645 है। पिछले दिनों विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में बीएलओ पुष्पा ने मुझे परिगणना परिपत्र दिया गया था, जिसे मैने नियमानुसार भरकर जमा करवा दिया था। क्षेत्र के लोगों को एसआईआर प्रक्रिया के तहत प्राप्त नोटिस के जवाब देने के लिए मैं जब अपने बूथ सांगानेरी गेट पर 15 जनवरी को गया तो पता लगा कि सभी बीएलओ महात्मा गांधी स्कूल, गोल चक्कर आदर्श नगर में मीटिंग में गए हुए है। मैं वहां पहुंचा तो बीएलओ पुष्पा ने बताया कि, किसी अशोक नाम के व्यक्ति ने फार्म नम्बर 7 भरकर जमा करवाकर गया है। उस फार्म में आपका नाम व ईंपिक नम्बर तथा मकान नम्बर लिखा हुआ है। जबकि मकान नम्बर 188, मेरे पिता द्वारा करीब 50 वर्षों पूर्व खरीद किया गया था। तभी से हमारा परिवार मकान नं. 188 पर रह रहा है। इसी मकान में मेरा पार्षद कार्यालय बना हुआ है। जहां वार्ड नम्बर 89 के नागरिक प्रतिदिन अपनी समस्याओं के समाधान के लिए मेरे कार्यालय में आते जाते रहते है। जानकारी के मुताबिक अशोक भाजपा बीएलए सुनील का भाई है, इस षडयंत्र में और भी लोग शामिल है जो अनुसंधान में पता चलेगा। अशोक व उसके भाई सुनील द्वारा दर्जनों फर्जी व कुटरचित फार्म 7 झूठी व असत्य घोषणा कर जानबूझकर बूथ संख्या 107 पर जमा कराये गये है।

# सीमावर्ती और ट्राइबल क्षेत्रों में प्राथमिकता से भरेंगे चिकित्सकों के पद : खींवसर

## एफआरयू और ट्रॉमा सेंटर में भी रिक्त पदों पर जल्द होगी नियुक्ति

- स्थानांतरण के बाद ज्वाइन नहीं करने पर होगी कार्रवाई



चिकित्सा मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर ने सोमवार को स्वास्थ्य भवन में अधिकारियों की बैठक ली।

**जयपुर ( कासं )।** प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ करने के लिए चिकित्सा संस्थानों में रिक्त पदों पर जल्द चिकित्सक लगाए जाएंगे। इन पदों को अधिशेष एवं एपीओ चल रहे चिकित्सकों से भरा जाएगा। इसमें सीमावर्ती एवं ट्राइबल जिलों को प्राथमिकता दी जाएगी। साथ ही, एफआरयू एवं ट्रॉमा सेंटर में भी प्राथमिकता के साथ विशेषज्ञ लगाकर इन्हें क्रियाशील किया जाएगा।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर ने स्वास्थ्य भवन में सोमवार को आयोजित बैठक में इस संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

उन्होंने सभी जिलों में संचालित ट्रॉमा सेंटर, जिला अस्पताल एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर आवश्यकता अनुरूप चिकित्सकों के पदस्थापन के निर्देश दिए। सभी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों से वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से बात कर उन्होंने चिकित्सकों की आवश्यकता पर चर्चा की।

चिकित्सा मंत्री ने कहा कि ओपीडी- आईपीडी में मरीजों के भार को ध्यान में रखते हुए चिकित्सकों की आवश्यकता की जानकारी तत्काल भेजें ताकि अत्यधिक आवश्यकता वाले स्थानों पर जल्द चिकित्सकों का पदस्थापन किया जा सके। उन्होंने कहा कि यह भी सुनिश्चित किया जाए कि स्थानांतरण उपरांत निर्धारित अवधि में चिकित्सक ज्वाइन करें।

आदेश की अवहेलना करने वाले चिकित्सकों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाए।खींवसर ने प्रत्येक विधानसभा में मॉडल सीएचसी एवं बीपीएचयू की मैपिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मॉडल सीएचसी के कार्य को प्राथमिकता के साथ पूरा किया जाए, ताकि लोगों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हों।

बैठक में निदेशक जन स्वास्थ्य डॉ. रवि प्रकाश शर्मा, निदेशक आरसीएच डॉ. मधु रतेश्वर, निदेशक अराजपत्रित राकेश शर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# आईसीडीएस निदेशालय का प्रेरणा अभियान 2.0 शुरू

**जयपुर ।** उपमुख्यमंत्री तथा महिला एवं बाल विकास मंत्री दिया कुमारी के निर्देशन एवं प्रेरणा से निदेशालय समेकित बाल विकास सेवाएं (आईसीडीएस) की ओर से सोमवार को प्रेरणा अभियान 2.0 शुरू किया गया है। निदेशक आईसीडीएस वासुदेव मालावत ने बताया कि राजस्थान सरकार द्वारा मातृ एवं शिशु पोषण तथा स्वास्थ्य को सुदृढ़ करने के लिए एक विशेष अभियान चलाया गया है। जिसे प्रेग्नेन्सी रजिस्ट्रेशन एण्ड अर्ली चाइल्डहुड एजुकेशन एण्ड न्यूट्रिशन अवेयरनेस अर्थात प्रेरणा अभियान 2.0 नाम दिया गया है। निदेशक आईसीडीएस वासुदेव मालावत ने बताया कि 19 जनवरी से 19 फरवरी 2026 तक चलने वाले इस अभियान के तहत आईसीडीएस सेवाओं से वंचित सभी पात्र लाभार्थियों, गर्भवती (शुरुआती तीन माह) व धात्री महिलाओं, 0 से 6 वर्ष तक के बच्चों और आकांक्षी जिलों में किशोरी बालिकाओं का पंजीकरण किया जायेगा। वासुदेव मालावत ने बताया कि लाभार्थियों को आंगनबाड़ी केंद्र के माध्यम से विभिन्न योजनाओं जैसे- प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, मुख्यमंत्री मातृत्व पोषण योजना, पूरक पोषाहार, मुख्यमंत्री अमृत आहार योजना आदि से लाभान्वित किया जाना लक्षित किया गया है।

# पत्र सूचना कार्यालय जयपुर की अपर महानिदेशक ऋतु शुक्ला सम्मानित



**जयपुर।** 78वें सेना दिवस के उत्कृष्ट एवं सफल आयोजन के उपलक्ष्य में जयपुर मिलिट्री स्टेशन में लेफ्टिनेंट जनरल मनजिंदर सिंह, आर्मी कमांडर, सप्त शक्ति कमान की अध्यक्षता में एक गरिमामय सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह का उद्देश्य सेना दिवस परेड 2026 के सुव्यवस्थित एवं अनुकरणीय आयोजन में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले सभी व्यक्तियों को सम्मानित करना था। उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े सिविल गणमान्य व्यक्तियों तथा सप्त शक्ति कमान के सैन्य कर्मियों को उनके अनुकरणीय समर्पण एवं कर्तव्यनिष्ठा के लिए सम्मानित किया।

सप्त शक्ति सभागार में आयोजित सम्मान समारोह में दक्षिण-पश्चिम कमांड प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल मनजिंदर सिंह ने केंद्रीय संचार ब्यूरो (सीबीसी) एवं पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी), जयपुर की अपर महानिदेशक ऋतु शुक्ला समेत 13 सिविल अधिकारियों को आर्मी कमांडर प्रशंसा पत्र से सम्मानित किया गया। इसके अलावा उन्होंने 8 आर्मी कमांडर प्रशस्ति पत्र, जबकि सैन्य कर्मियों को 40 आर्मी कमांडर प्रशंसा पत्र भी प्रदान किए। इसके अतिरिक्त, समारोह के दौरान एक वेटेरन अचीवर अवार्ड भी प्रदान किया गया।

आर्मी कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल मनजिंदर सिंह ने 78वें सेना दिवस के सफल आयोजन के लिए सभी सहयोगी संस्थाओं और नागरिकों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने यह भी दोहराया कि भारतीय सेना केवल राष्ट्र की ही नहीं, बल्कि नागरिकों की भी सेना है। अतः सेना दिवस का उत्सव केवल सेना तक सीमित न रहकर नागरिकों की सहभागिता के साथ मनाया जाना चाहिए। आर्मी कमांडर ने बदलते भू-राजनीतिक परिदृश्य पर प्रकाश डालते हुए 'समग्र राष्ट्र दृष्टिकोण की आवश्यकता पर बल दिया, जिसमें सैन्य एवं सिविल संस्थाओं के बीच सशक्त समन्वय अनिवार्य है।

# 680 ग्राम गांजा समेत तस्कर गिरफ्तार

**जयपुर ( कासं )।** जयपुर कमिश्नरेट की स्पेशल जिला स्पेशल टीम (क्राइम ब्रांच सीएसटी) ने कार्रवाई करते भांकरोटा इलाके से अवैध मादक पदार्थ तस्कर को गिरफ्तार बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस गिरफ्तार आरोपी से अवैध मादक पदार्थ तस्करों के बारे में जानकारी जुटाने का प्रयास कर रही है। पुलिस कमिश्नर जयपुर सचिन मित्तल ने बताया कि सीएसटी आयुक्तालय जयपुर की टीम ने अवैध मादक पदार्थ तस्कर के खिलाफ भांकरोटा पुलिस के साथ संयुक्त कार्रवाई करते हुए रोहित मालावत (24) निवासी जयसिंहपुरा, हाल भांकरोटा को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 680 ग्राम अवैध गांजा के साथ गिरफ्तार कर लिया।

# सीमा शुल्क चोरी के आरोपी को जमानत देने से हाईकोर्ट ने किया इनकार

## 414 करोड रुपए के माल की सप्लाई के लिए फर्जी फर्म के बिल जारी कर सीमा शुल्क चोरी का मामला

**जयपुर ( कासं )।** राजस्थान हाईकोर्ट ने 414 करोड रुपए के माल की सप्लाई के लिए फर्जी फर्म के बिल जारी कर सीमा शुल्क चोरी के आरोपी सुरेंद्र माली को जमानत पर रिहा करने से इनकार कर दिया है। जस्टिस वीके भारवानी की एकलपीठ ने यह आदेश आरोपी की जमानत याचिका को खारिज करते हुए दिए। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि आरोपी को विभाग ने जनवरी, 2022 से मार्च, 2024 तक 21 बार समन भेजे, लेकिन आरोपी पूछताछ के लिए पेश नहीं हुआ। इसके अलावा प्रकरण में अभी अनुसंधान लंबित है। ऐसे में आरोपी को जमानत पर रिहा नहीं किया जा सकता है।

जमानत याचिका में कहा गया कि वह गत एक अगस्त से न्यायिक अभिरक्षा में चल रहा है। विभाग ने उसके बयान दबाव में लिए हैं और अभियोजन पक्ष के पास उसके खिलाफ कोई ठोस साक्ष्य नहीं है। वहीं उसके खिलाफ संबंधित न्यायालय में आरोप भी पेश हो चुका है। इसके अलावा प्रकरण पूरी तरह इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य के आधार पर है और गवाह कस्टम अधिकारी हैं। ऐसे में उसकी ओर से साक्ष्य से छेडछाड और गवाहों को प्रभावित करने की आशंका भी नहीं है। इसलिए उसे जमानत पर रिहा किया जाए। जिसका विरोध करते हुए विभाग की ओर से अधिवक्ता किंशुक जैन ने कहा कि आरोपी ने अन्य लोगों से मिलीभगत कर अस्तित्वहीन फर्म के नाम से करोडों रुपए के सर्टिफिकेट जारी करते हुए भारी भरकम राशि देश के बाहर की अवैध फर्मो को भेजी और इसके एवज में सोने और डायमंड सहित अन्य मूल्यवान वस्तुओं का अवैध रूप से आयात किया। ऐसे में उसे जमानत नहीं दी जाए। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद अदालत ने आरोपी को जमानत देने से इनकार कर दिया।

# नगरीय विकास में गुणवत्ता, सुरक्षा और टिकाऊ विकास महत्वपूर्ण : देबाशीष पृष्टि



नगरीय विकास विभाग के प्रमुख शासन सचिव देबाशीष पृष्टि ने माणक ब्यूरो की कार्यशाला को संबोधित किया।

**जयपुर** (कासं)। भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) द्वारा नगरीय विकास एवं आवासन विभाग, राजस्थान सरकार के अधिकारियों-कार्मिकों के लिए दो दिवसीय क्षमता संवर्धन कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा हैं, जिसका सोमवार को जयपुर स्तिथ आरआईसी में शुभारंभ हुआ। इस कार्यशाला का उद्देश्य शहरी विकास, आवास एवं निर्माण सेवाओं से संबंधित क्षेत्रों में भारतीय मानकों की उपयोगिता, अनुपालन एवं उनके प्रभावी कार्यान्वयन के संबंध में जागरूकता एवं क्षमता संवर्धन करना है।

कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता मुख्य अतिथि देबाशीष पृष्टि, प्रमुख शासन सचिव, शहरी विकास एवं आवासन विभाग ने की। पृष्टि ने शहरी अवसंरचना, आवास एवं नागरिक सेवाओं में गुणवत्ता, सुरक्षा और टिकाऊ विकास सुनिश्चित करने के लिए भारतीय मानकों की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि तेजी से बढ़ते शहरीकरण के दौर में अधिकारियों का तकनीकी रूप से सशक्त होना समय की आवश्यकता है। इस प्रकार की क्षमता संवर्धन कार्यशालाएं अधिकारियों को नवीन निर्माण तकनीकों, आधुनिक परियोजना प्रबंधन पद्धितयों एवं सर्वोत्तम कार्यप्रणालियों से जोड़ने का प्रभावी माध्यम हैं। शहरी विकास परियोजनाओं की सफलता गुणवत्ता, पारदर्शिता एवं भारतीय मानकों के प्रभावी अनुपालन पर निर्भर करती है। उन्होंने कहा कि के मानकों को अपनाकर न केवल निर्माण की गुणवत्ता सुनिश्चित की जा सकती है, बल्कि नागरिकों को सुरक्षित एवं टिकाऊ अवसंरचना भी उपलब्ध कराई जा सकती है। उद्घाटन सत्र के दौरान भारतीय मानक ब्यूरो, राजस्थान की निदेशक एवं प्रमुख, कनिका कालिया ने अपने उद्बोधन में बताया कि न केवल मानक बनाने वाली संस्था है, बल्कि यह सरकार, उद्योग और उपभोक्ताओं के बीच सेतु की भूमिका निभाता है। उन्होंने बताया कि इस कार्यशाला में परियोजना प्रबंधन, भू-तकनीकी जांच, अच्छी निर्माण प्रथाएं, अग्नि एवं जीवन सुरक्षा, भवन सेवाएं, वॉटरप्रूफिंग, दिव्यांगजन हेतु सुगम्यता, नवीन सामग्री, गुणवत्ता परीक्षण, परिसंपत्ति प्रबंधन, रेट्रोफिटिंग तथा वर्षा जल संचयन जैसे विषयों को शामिल किया गया है। कार्यक्रम के दौरान बीआईएस के विशेषज्ञों द्वारा निर्माण सामग्री, भवन सुरक्षा, ऊर्जा दक्षता, जल एवं स्वच्छता, स्मार्ट सिटी से जुडे मानकों सहित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर प्रस्तुतीकरण दिया गया। साथ ही प्रतिभागियों के साथ संवादात्मक सत्र के माध्यम से उनके प्रश्नों का समाधान किया गया। कार्यक्रम में नगरीय विकास एवं आवासन विभाग, जयपुर विकास प्राधिकरण, राजस्थान आवासन मंडल, सार्वजनिक निर्माण विभाग आदि के लगभग 110 से अधिक अधिकारी व अभियंता मौजूद थे।

# नगर निगम में आने वाले हाइवे से शराब की दुकानें हटाने वाले हाईकोर्ट के आदेश पर रोक

**जयपुर** (कासं)। सुप्रीम कोर्ट ने राजस्थान हाईकोर्ट के उस आदेश पर रोक लगा दी है जिसमें प्रदेश के नगर निगम व स्थानीय निकाय क्षेत्र में आने वाले नेशनल व स्टेट हाइवे के किनारे संचालित 1102 शराब की दुकानों को हटाने व शिफ्ट करने का निर्देश दिया था। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की खंडपीठ ने यह आदेश राज्य सरकार और अन्य लाइसेंस धारकों की ओर से दायर विशेष अनुमति याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए दिए। एसएलपी में राजस्थान हाईकोर्ट के 24 नवंबर के आदेश को चुनौती दी थी।

सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता व एएजी शिवमंगल शर्मा ने कहा कि हाईकोर्ट ने 500 मीटर की पाबंदी को दुबारा से लागू कर दिया है। जबकि निर्देश सुप्रीम कोर्ट की ओर से दिए गए बाध्यकारी स्पष्टीकरणों के विपरीत है। इसके अलावा सुप्रीम कोर्ट ने बाद में 31 मार्च 2017, 11 जुलाई 2017 तथा 23 फरवरी 2018 में भी दिशा-निर्देश दिए गए थे।

इनमें कुछ मामलों में दूरी की सीमा को घटाकर 220 मीटर किया गया था और नगर निगम इलाकों के सीमा में स्थित शराब दुकानों को राज्य ने भी तथ्यों के आधार पर व्यापक निषेध से बाहर रखा है।

वहीं संविधान के अनुच्छेद 226 के तहत अधिकार क्षेत्र का प्रयोग कर हाईकोर्ट, अनुच्छेद 141 के तहत सुप्रीम कोर्ट की ओर से घोषित विधि को न तो नजर अंदाज कर सकता है और न ही उसे निरस्त कर सकता है।

वहीं सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकारों को दिए गए विवेकाधिकार को सीमित कर सकता है। जिस पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के आदेश पर रोक लगा दी है।

# जेके लॉन अस्पताल में महिला कर्मचारी से नर्सिंगकर्मी ने की छेड़छाड़

**जयपुर।** एसएमएस थाना इलाके में स्थित जे के लॉन अस्पताल में देर रात नर्सिंग कर्मचारी ने कॉन्ट्रैक्ट पर लगी महिला कर्मचारी से छेड़छाड़ कर दी। मामले की जानकारी मिलने के बाद अस्पताल में कार्यरत अन्य महिला कर्मचारियों ने अस्पताल के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने पीड़ित महिला कर्मचारी की लिखित शिकायत पर आरोपी नर्सिंगकर्मी के खिलाफ छेड़छाड़ का मामला दर्ज कर लिया।

गौरतलब है कि पीडित महिला वार्ड हेल्पर के रुम में अस्पताल में कार्यरत है। आरोप है कि रविवार देर रात 2 बजे वो वार्ड में बने वॉशरुम में टॉयलेट करके बाहर निकली ही थी की नर्सिंग कर्मचारी विजय कुमार मीणा ने उसे गेट के बाहर रोक लिया और उसका हाथ पकड लिया। जिसके बाद आरोपी ने उसे बैंच पर बिठा और दोनो कंघे पकड कर लिए। पीडिता ने धक्का देकर खुद को छुडवाया। आरोपी विजय मीणा ने पीड़िता को धमकाते हुए कहा की तुझे पैसे चाहिए तो पैसे ले ले और ड्यूटी पर नहीं आएगी तो उपस्थिति भी लगा दूंगा। लेकिन पीडिता आरोपी का विरोध करते हुए बाहर आ गई और मामले की जानकारी सीनियर स्टाफ को दी। लेकिन शिकायत के बाद भी सीनियर स्टाफ ने कोई कार्रवाई नहीं की तो पीडिता अन्य महिला स्टाफ के साथ सोमवार को अस्पताल के बाहर विरोध प्रदर्शन करने में जुट गई और आरोपी को सस्पेंड करने की मांग करने लगी।

# वरिष्ठ अधिवक्ता ए.के.जैन का निधन

**जयपुर ।** पूर्व न्यायिक अधिकारी एवं वरिष्ठ अधिवक्ता अजय कुमार जैन (ए.के.जैन) का सोमवार को ह्दयाघात से निधन हो गया। वे करीब 70 वर्ष के थे। दिनभर न्यायिक कार्यों को संपादित करने के बाद शाम को वे अपने कार्यालय पहुंचे थे, जहां उन्हें कार्डियक अरेस्ट हुआ। इस पर उन्हें नजदीक स्थित मैक्सवैल अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टर्स ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

# नया जयपुर बना रहे हैं, लेकिन 30 फीट चौडी रोड भी नहीं दे रहे : हाईकोर्ट

**जयपुर** (कासं)। राजस्थान हाईकोर्ट में शहर के गांधी पथ सहित आसपास के एरिया में अतिक्रमण से जुडे मामले में जेडीसी पेश हुए। अदालत ने कहा कि उन्होंने हाल ही में पद ग्रहण किया है, ऐसे में इन मामलों को देखे। इसके साथ ही अदालत ने पांच फरवरी को जेडीसी को फिर से पेश होने को कहा है। एक्टिंग सीजे संजीव प्रकाश शर्मा और जस्टिस संगीता शर्मा की खंडपीठ ने यह आदेश प्रकरण में लिए गए स्वप्रेरित प्रसंज्ञान पर सुनवाई करते हुए दिए। सुनवाई के दौरान अदालत ने जेडीसी को कहा कि शहर में कई जगह अतिक्रमण हो रहे हैं और उनके खिलाफ हाईकोर्ट में जनहित याचिकाएं पेश हो रही हैं। यह बडे आश्चर्य की बात है कि पहले तो अवैध निर्माण को बनने दिया जाता है।

## सार-समाचार

### 50 विद्यार्थियों ने शैक्षिणक भ्रमण किया

**कपासन**, (निसं)। स्थित पीएमश्री राजकीय महाराणा उच्च माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों ने पीएमश्री योजना के अंतर्गत ट्विनिंग ऑफ स्कूल गतिविधि के तहत 50 विद्यार्थियों ने सैनिक स्कूल चित्तौड़गढ़ का शैक्षिणक भ्रमण किया। विद्यार्थियों को अनुशासन, नेतृत्व, आधुनिक शैक्षिणक संसाधनों तथा सैन्य जीवन की कार्यशैली से प्रत्यक्ष रूप से परिचित कराने के उद्देश्य से आयोजित भ्रमण को प्रधानाचार्य यशवंत कुमार जागेटिया ने निर्देश प्रदान कर एवं भ्रमण दल प्रभारी उपप्राचार्य मदनलाल जाट ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। पीएमश्री योजना के प्रभारी अश्विनी कुमार व्यास के अनुसार सैनिक स्कूल पहुँचने पर विद्यार्थियों का रमेश साहा व अन्य स्टाफ सदस्यों ने आत्मीय स्वागत किया गया तथा विद्यालय की विस्तृत डॉक्यूमेंट्री के माध्यम से सैनिक स्कूल के गौरवशाली इतिहास, शैक्षिणक परंपराओं एवं उपलब्धियों की जानकारी दी गई। विद्यार्थियों ने विद्यालय परिसर में स्थित तरणताल का अवलोकन किया, जहाँ शारीरिक दक्षता और अनुशासन के महत्व को समझाया गया। इसके पश्चात कला, भूगोल, भौतिक, रसायन एवं जीव विज्ञान की अत्याधुनिक प्रयोगशालाओं तथा विशाल एवं सुव्यवस्थित पुस्तकालय का भी भ्रमण किया, जहाँ अध्ययनशील वातावरण और विविध विषयों की पुस्तकों की समृद्ध उपलब्धता देखी। छात्रा दल प्रभारी नाजिमा बानू ने बताया कि विद्यार्थियों ने सैनिक स्कूल की हॉस्टल हाउस व्यवस्था को भी निकट से देखा जहाँ अनुशासन, समयबद्ध दिनचर्या और सामूहिक जीवन की भावना को समझने का अवसर मिला। इस दौरान जमादार प्रमोद कुमार बारेगामा ने व्यवस्थाओं में सहयोग किया। भ्रमण का प्रमुख आकर्षण भारतीय सेना के विभिन्न अस्त्र-शस्त्र एवं टैंक का अवलोकन रहा। इन सैन्य उपकरणों के माध्यम से विद्यार्थियों को देश की रक्षा व्यवस्था, सेना के शौर्य और बलिदान की भावना से परिचित कराया गया।

### बाल विवाह की रोकथाम का लिया संकल्प

**डूंगरपुर**, (निसं)। बाल अधिकारिता विभाग डूंगरपुर के सहायक निदेशक डॉ.कल्पित शर्मा ने बताया कि बाल विवाह मुक्त राजस्थान अभियान के द्वितीय चरण में 1 जनवरी 2026 से 31 जनवरी 2026 तक बाल विवाह के उन्मूलन हेतु 100 दिवसीय विशेष जागरूकता अभियान पूरे राजस्थान में चलाया जा रहा है जिसके तहत सोमवार को बाल अधिकारिता विभाग,महिला अधिकारिता विभाग व चाइल्ड हेल्प लाइन 1098 डूंगरपुर के संयुक्त तत्वावधान मे ग्राम पंचायत बिछीवाडा की राजकीय विद्यालय आराफला बिछीवाडा में बाल विवाह मुक्त डूंगरपुर के तहत एक बालिका का जन्मोत्सव कार्यक्रम आयोजित करते हुए बच्चों को बालिकाओं का शिक्षा, सुरक्षा एवं संरक्षण का महत्व समझाया गया। साथ ही बाल विवाह के दुष्परिणामों के बारे में जानकारी देते हुए बाल विवाह के विरूद्ध शपथ दिलाई गई। टीम ने आम जन से अपील करते हुए कहा कि कहीं भी आपको बाल विवाह होने की जानकारी मिले तो इसकी सूचना चाइल्ड हेल्प लाइन 1098 पर जरूर करें ताकि जिले मे बाल विवाह नही हो साथ ही विद्यालय परिसर में व आस.पास जागरूकता हेतु बाल विवाह निषिद्ध के पोस्टर भी लगाये गये। कार्यक्रम में महिला अधिकारिता विभाग से सहायक निदेशक मोतीलाल मीणा,चाइल्ड हेल्प लाइन से महेन्द्र कलाल व विद्यालय स्टाफ मौजूद रहे।

### हिंदू सम्मेलन की सफलता को लेकर बैठक

**डूंगरपुर**, (निसं)। विराट हिंदू सम्मेलन पुनाली खंड के कोलखंडा मंडल के झाडेश्वर महादेव मंदिर परिसर में आयोजित सम्मेलन के क्रियान्वयन टोली के कार्यक्रम संयोजक भंवरलाल कटारा भारतीय ने बताया कि इस सम्मेलन में जनजाति परिवारों के भगत धोणी-धाम, कोतवाल एवं भजन-मंडली के भक्तों द्वारा भजन-कीर्तन कर आराध्य देव, आदिदेव, भोलेनाथ शिव की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। स्वागत उद्बोधन ईश्वरलाल परमार द्वारा सभी भक्त मेट कोतवाल संतों मैथ कोतवाल भक्त भक्तानी माताएं एवं बहनों पर पुष्पवर्षा कर स्वागत अभिनंदन किया । मुख्यवक्ता प्रभुलाल कटारा ने कहा कि सम्मेलनों का मुख्य उद्देश्य समाज को व्यसन मुक्त नशा मुक्त बनाना और हिंदू धर्म की मूल जडों से जोडे रखना होता है। हमारे क्षेत्र में पशुधन एवं गायों के प्रति विशेष श्रद्धा है, इसलिए सम्मेलनों में गौशालाओं के समर्थन पर जोर दिया वागड के तीर्थ स्थल बेणेश्वरधाम, विजवा माता,मांडवीया हनुमान एवं देवसोमनाथ महादेव जैसे तीर्थों के विकास और वहां आने वाले श्रद्धालुओं की एकता, भाईचारा, श्रद्धा,संस्कार एवं परंपरा-संस्कृति पर चर्चा की गई युवा संस्कार नई पीढी को नशे की लत से बचाने और उन्हें अपनी जडों से जोडने के लिए अभियान चला कर युवाओं का जीवन बचाना अति आवश्यक है यह वर्तमान समय की मांग है। कार्यक्रम का संचालन पालक प्रकाश व्यास द्वारा एवं आभार भंवरलाल कटारा ने ज्ञापित किया।

### सड़क सुरक्षा के नियमों की दी जानकारी

**डूंगरपुर**, (निसं)। राज्य सड़क सुरक्षा प्रकोष्ठ, परिवहन एवं सडक सुरक्षा विभाग, राजस्थान द्वारा राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह,1 जनवरी 2026 से 31 जनवरी 2026 तक मनाया जा रहा हैं, जिसकी थीम:सीख से सुरक्षा, टेक्नोलॉजी से परिवर्तन रखी गयी हैं। इस माह के समस्त कार्यक्रमों का क्रियान्वयन जिला सड़क सुरक्षा समिति द्वारा किया जायेगा। जिला परिवहन अधिकारी मनीष माथुर ने बताया कि सोमवार को यातायात पुलिस एवं परिवहन विभाग जिले के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय टाउन डूॅगरपुर में सडक सुरक्षा माह कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमें बच्चों को सडक सुरक्षा की जानकारी देते हुए लोगों को जागरूक करने का संदेश दिया। यातायात पुलिस उपनिरीक्षक डूले सिंह, मगन यादव ने सुरक्षा की जानकारी दी एवं बच्चों को पेम्पलेट वितरित किये। कार्यक्रम में जिला परिवहन कार्यालय के हिमांशुराज सिंह ने बच्चो को हेलमेट लगाने एवं बिना लाईसेंस के वाहन न चलने का संदेष दिया साथ हि आव्हान किया कि अपने परिार के सदस्यों को भी बच्चे सडक सुरक्षा पेम्प्लेट बताये तथा पालना हेतु आग्रह करें।

# ‘लम्बित प्रकरणों के निस्तारण में देरी व ढिलाई बर्दाश्त नहीं’

**बांसवाड़ा**, (निसं)। जिला कलक्टर डॉ इन्द्रजीत यादव ने साप्ताहिक बैठक के महत्वपूर्ण बिन्दुओं की समीक्षा करते हुए संबंधी अधिकारियों से अब तक की प्रगति की जानकारी ली। सूचना एवं प्रोद्यौगिकी कार्यालय के वीसी कक्ष में आयोजित बैठक में कलक्टर ने स्पष्ट कहा कि सम्पर्क पोर्टल पर लम्बित प्रकरणों के निस्तारण में हो रही देरी व ढिलाई को बर्दाश्त नही किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि प्राप्त शिकायतों का समय पर निस्तारण कर राहत दे। उन्होंने भूमि आवंटन संबंधी लम्बित प्रकरणों पर कार्यवाही करते हुए

■ **कलक्टर ने कहा कि प्राप्त शिकायतों का समय पर निस्तारण कर राहत दें**

निस्तारण करने के निर्देश दिये। साथ ही जहां भूमि आवंटन हो गई है वहां त्वरित गति से कार्य प्रारंभ कर रिपोर्ट देने के निर्देश भी दिये। उन्होंने गिरदावरी में स्थिति कमजोर होने पर नारजगी व्यक्त करते हुए कहा कि इस कार्य को प्राथमिकता के साथ पूरा करे। उन्होंने पेन्शन व पालनहार के बकाया प्रकरणों को पूरा करे के भी निर्देश दिये। बैठक में मुख्यमंत्री कार्यालय, जनसुनवाई, सम्पर्क पार्टल पर दर्ज प्रकरणों का निस्तारण, एवरेज डिस्पोजल टाइम कम करने और संतुष्टि प्रतिशत बढ़ाने, चिकित्सा उपकेन्द्रों के लिये लंबित भूमि आवंटन की समीक्षा, लाडो प्रोत्साहन योजना, राजकीय विद्यालयों के मरम्मत कार्यों की समीक्षा, जेजेएम-लंबित बिजली कनेक्शन, जेजेएम-लंबित भूमि आवंटन, मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान, आगंनवाड़ी भवनों के निर्माण की स्थिति, पं. दीनदयाल उपाध्याय गरीबी मुक्ति गांव योजना की प्रगति, विद्युत विद्युत पोल, विद्युत आपूर्ति, विद्युत आपूर्ति, उच्च जोखिम विद्युत बिंदु, पीएम सूर्यघर योजना, सड़को दुर्घटनाओं, डूबने, आकाशीय बिजली गिरने या बरसात में मकान गिरने से मृत्यु, घायल होने की स्थिति में मुआवजा वितरण एवं क्षितठास्त मकानों का आंकलन, म्यूटेशन, आपसी सहमति से विभाजन, लंबित एनएफएसए आवेदन, ईकेवाईसी, बजट घोषणाओं की समीक्षा, भूमि अवाप्ति प्रकरणों की समीक्षा व पेंशन, पालनहार वार्षिक सत्यापन आदि बिन्दुओं की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिये गये। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर राजीव द्विवेद्वी, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गोपाललाल स्वर्णकार, उपखण्ड अधिकारी सोनु कुमार सहित जिला स्तरीय अधिकारी व वीसी के माध्यम से उपखंड अधिकारी व ब्लॉक स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।



सूचना व प्रोद्यौगिकी कार्यालय के वीसी कक्ष मे बैठक लेते जिला कलक्टर डॉ. इन्द्रजीत यादव।

## चिकित्सा उपकरण भेंट

**राजसमन्द**, (निसं)। भारत विकास परिषद द्वारकेश राजसमन्द ने सांस्कृतिक सप्ताह के अंतर्गत राजसमंद स्थित जिला कारागृह में जरूरतमंद बंदियों को महिला शक्ति के विशेष प्रयास से एकत्रित 11० चप्पल जोडी गरम स्वेटर और जेल में काम आने वाले जरूरी चिकित्सा उपकरण ब्लड शुगर जांचने की मशीन स्टेटस्क्रॉप मशीन भेट किए गए।

भारत विकास परिषद द्वारकेश राजसमन्द के उपाध्यक्ष अंकित परमार ने बताया कि भारत विकास परिषद द्वारकेश राजसमन्द ने सांस्कृतिक सप्ताह के अंतर्गत राजसमंद जिला कारागृह में बंद बंदियों की मदद करते हुए एक कार्यक्रम का आयोजन किया। जिला कारागृह राजसमंद में आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत हनुमान चालीसा पाठ के साथ की गई जिसमें सभी बंदियों ने ढोलक हारमोनियम और मंजीरे बजाते हुए हनुमान चालीसा का पाठ किया। भारत विकास परिषद द्वारकेश राजसमन्द के अध्यक्ष हर्षित मित्तल ने बंदियों को अहिंसा परमो धर्म और समाज कल्याण में जरूरी हिस्सा कैसे बने और मूल धारा में वापस कैसे खुद को बनाए रखे इसके बारे में बताया।

# चार दिवसीय पीपीएल का समापन

**डूंगरपुर**, (निसं)। श्री जैन श्वेताम्बर विशा पोरवाड संघ के नवयुवक मंडल के तत्वावधान में आयोजित चार दिवसीय बॉक्स क्रिकेट प्रतियोगिता रविवार रात्रि को दूधिया रोशनी में रोमांचक फाइनल मुकाबलों के साथ संपन्न हुआ। जिसमें महिला वर्ग में टैलेंट टाइटंस तथा पुरुष वर्ग में नवल निंजास विजेता बनी।

श्री गंभीरा पार्श्वनाथ नवयुवक मंडल के अध्यक्ष नितेश मेहता व सचिव रियन जैन ने जानकारी दी कि लीग मैचों के दौरान पुरुष वर्ग में 8 टीमों के बीच

■ **प्रियल शाह बने प्लेयर ऑफ द सीरीज**

व महिला वर्ग में 2 टीमों की बीच रोमांचक मुकाबले, शानदार खेल प्रदर्शन और अनुशासित आयोजन देखने को मिला। पुरुष वर्ग में फाइनल मुकाबला दक्ष डूंगरपुर डायमंड्स व नवल निंजाष के बीच हुआ जिसमें निर्धारित ओवरों मे मैच टाई हो गया जिसपर सुपर ओवर डाला गया और उस आधार पर नवल निंजा ने जीतकर विजेता का खिताब जीता वही दूसरी और महिला वर्ग का फाइनल मुकाबला टैलेंट टाइटंस व मेहता चैलेंजर्स के बीच खेला गया था जो कि टाई हुआ और जिसका निर्णय भी सुपर ओवर के आधार पर टैलेंट टाइटंस विजेता बनी। आयोजन समिति से नरेश मेहता, मानवेंद्रजैन, युगलेश जैन, भाविक मेहता और मंडल कार्यकारणी ने खिलाडियों अंपायर्स, प्रायोजकों, स्वयंसेवकों व दर्शकों का सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। पीपीएल 2026 ने समाज में खेल भावना और एकता का सशक्त संदेश दिया। इस धमाकेदार 4 दिवसीय खेल महोत्सव में समाज जन की भारी संख्या में उपस्थिति रही हर्ष मेहता अध्यक्ष श्री जैन श्वेताम्बर वीशा पोरवाड संघ व सचिव मोहित मेहता, सिनेश जैन, मोहित जैन, अनिल मेहता, मनोज मेहता, सचिन शाह, ऋषि शाह व बडी संख्या महिला मंडल व समाज जन उपस्थित रहे।



पीपीएल क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन पर अतिथियों के साथ महिला व पुरुष वर्ग की टीमें ट्रॉफी लेते।

# खेलकूद प्रतियोगिता सम्पन्न

डूंगरपुर, (निसं)। युवा मामले एवं खेल मंत्रालय,भारत सरकार के माय भारत कार्यक्रम के तत्वावधान में एक दिवसीय ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स डूंगरपुर में सम्पन्न हुआ।

प्रतियोगिता डूंगरपुर जिला युवा अधिकारी शुभम पुरबिया के निर्देशानुसार सफलतापूर्वक संपन्न हुई। प्रतियोगिता में विभिन्न खेलों में खिलाडियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। वॉलीबॉल प्रतियोगिता में ने?ापुर टीम विजेता रही, जबकि स्पोर्ट्स क्लब उपविजेता बनी। कबड्डी प्रतियोगिता में मोकरवाडा टाइटन विजेता तथा उदयपुरा आंजना क्लब उपविजेता रही। एथलेटिक्स स्पर्धाओं में भी खिलाडियों ने शानदार प्रदर्शन किया। 100मीटर दौड पुरुष वर्ग में पूनमचंद रोत ने प्रथम तथा महेन्द्र पारगी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। 100 मीटर दौड, महिला वर्ग, में अंजली रोत प्रथम व माया परमार द्वितीय रहीं। 200 मीटर दौड पुरुष वर्ग, में कैलाश कटारा परमार प्रथम तथा दीपक खोखर द्वितीय रहे। 200मीटर दौड महिला वर्ग, में कीर्ति कटारा ने प्रथम और प्रियंका ननोमा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि बीआरपी बिछीवाडा सीबीईओ रमेश डामोर रहे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में विक्रम लट्टा चंदूलाल जी गमेती ए महिपाल एकपिल भगोराए महेंद्र कुमार डामोर आदि रहे।

## हिंदू कार्यालय का शुभारंभ

**राजसमन्द**, (निसं)। वीर सावरकर बस्ती में आगामी रविवार को विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन होने जा रहा है।

हिंदू समाज जन एवं कार्यक्रम संयोजकों के लिए एकत्रीकरण, सूचना, प्रसार प्रचार एवं कार्यक्रम संबंधित आवश्यक वस्तुओं के लिए एक केंद्रीय स्थान की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए गणेश चौराहा धोईन्दा पर हिंदू कार्यालय का शुभारंभ किया गया।

## सार-समाचार

### 88 किलो डोडा चूरा पकड़ा, एक धरा

**राजसमन्द**, (निसं)। पुलिस थाना भीम के लाभूराम रात्रि ग्रस्त के दौरान बदनोर चौराहे पहुंचे तो वहां नाकाबंदी शुरू कर वाहनों को चेक कर रहे थे तो उसी दरमियान रात्रि 2.30 पर एक तेज गति से सफेद कर आई हुई नजर आई जिसके नंबर आरजे 19 सीडी 116० थे, चालक ने जाप्ते को देखकर कार को घूमा कर करेडा की तरफ जाने लगा तो पुलिस के द्वारा पीछा करने आगे चौराहे पर पुलिस गाडी को आगे लगाकर कर को रोक तो दो संदिग्ध व्यक्ति अंधेरे का फ ायदा उठाकर भागने लगे जिसमें से एक व्यक्ति को मौके पर पकड लिया गया, नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम सुनील पिता सोहनलाल निवासी जालेली फ ौजदार थाना डांगियावास जिला जोधपुर होना बताएं भागने वाले व्यक्ति का नाम फ रसाराम बताया कर में संदिग्ध वस्तु होने का संदेह होने की वजह से कर के तलाशी ली तो तो उसके अंदर 88 किलो 465 ग्राम डोडा चूरा पाया गया।

### ठीकरिया चन्द्रावत में शिविर आयोजित

**बांसवाड़ा**, (निसं)। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में पंचायत समिति घाटोल के ग्राम पंचायत ठीकरिया चन्द्रावत में प्राधिकरण सचिव कौशल सिंह, तालुका विधिक सेवा समिति घाटोल अध्यक्ष विकास जैन की उपस्थिति में शिविर आयोजित किया गया। शिविर का उद्घाटन प्रधिकरण सचिव कौशल सिंह ने किया। प्राधिकरण सचिव सिंह ने बताया कि शिविर में विभिन्न विभागों के माध्यम से आमजन को लोक कल्याणकारी योजनाओं के सम्बन्ध में जानकारी देते हुए विभागीय योजनाओं का लाभ दिलाने के साथ ही योजना के लिए पात्र व्यक्तियों को चिन्हित करने की कार्यवाहीं भी विभागों द्वारा की गई। प्राधिकरण सचिव ने कहा कि शिविर आयोजन का उद्देश्य आमजन को एक ही स्थान पर विभिन्न योजनाओं का लाभ उपलब्ध करवाना है। उन्होंने बताया कि रालसा के निर्देशानुसार मानसिक स्वास्थ्य विषय पर जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। उन्होंने कहा कि आमजन में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना, मानसिक रोगों से जुड़े मिथकों को दूर करना आवश्यक है मानसिक स्वास्थ्य व्यक्ति के समठा विकास का अभिन्न अंग है। मानसिक समस्याओं को छिपाने या नजरअंदाज करने के बजाय समय पर पहचान कर उपचार कराना आवश्यक है।उन्होंने बताया कि विधिक सेवा प्राधिकरण मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े मामलों में नि:शुल्क कानूनी सहायता भी उपलब्ध कराता है ।

## समाज में फैल रही कुरीतियों पर चर्चा की

**भीम**, (निसं)। अखिल सालवी समाज घोड़ावटी-खेतावास की बैठक का आयोजन सोमवार को अध्यक्ष आर्य सुरेश शास्त्री की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक की शुरुआत में बगड़ी भेऊ गांव के अध्यक्ष केसाराम , एवं ग्रामवासियों द्वारा घोड़ावटी-खेतावास बैठक अध्यक्ष आर्य सुरेश शास्त्री तथा पांच गांव अध्यक्ष मोहन का माला एवं साफा पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। साथ ही उपस्थित सभी पंचगणों का पुष्पमालाओं से स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इसके पश्चात बैठक का विधिवत आयोजन किया गया। बैठक में समाज में फैल रही कुरीतियों पर विस्तृत चर्चा की गई एवं उनके निवारण हेतु महत्वपूर्ण सुझाव रखे गए।बैठक में सर्वप्रथम सलवी समाज की धरोहर मियाला में निर्माणाधीन ऐतिहासिक समशऋषि की धूनी एवं बाबा रामदेव मंदिर प्रांगण में चल रहे कार्यों पर चर्चा की गई। इन कार्यों के लिए संठाह को लेकर भी पंचों द्वारा विचार-विमर्श किया गया।इसके पश्चात समाज में व्याप्त बुराइयों पर विशेष रूप से चर्चा की गई। वर्तमान में सोना-चांदी के बढ़ते भाव को ध्यान में रखते हुए समाज के पंचों ने सर्वसम्मति से निम्नलिखित महत्वपूर्ण निर्णय लिए महत्वपूर्ण सामाजिक निर्णय शादियों में खर्च कम करने का निर्णय समाज द्वारा यह निर्णय लिया गया कि विवाह समारोह में अनावश्यक खर्च को कम किया जाए।

शादियों में अधिकतम डेढ़ तोला सोना एवं 500 ठााम चांदी के ही आभूषण मंगवाए जाएं या लेकर जाएं। इस निर्णय से समाज में अमीर-गरीब सभी में समानता बनी रहेगी तथा किसी को भी हीन भावना या दबाव महसूस नहीं होगा।फिजूलखर्ची पर नियंत्रण शादियों में ट्रॉली डीजे, भारी साउंड एवं लाइट सिस्टम पर प्रतिबंध लगाया गया।


**Name Changed**

I Have Changed My Name From Neelam Kumari Soni to Neelam Soni For All Purposes. 606-Archi Arihant Apt. Udaipur (Raj.)-313011

**कार्यालय उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर (राज.)**

क्रमांक: F.11( )Region-I/2026/1354 दिनांक : 19/1/2026

**आम सूचना**

राजस्व ग्राम देवाली (शोभागपुरा) के खसरा नम्बर 1454, 1467, 1474 से 1535, 1537 से 1541, 1543 से 1564, 1568 से 1607, 1612 से 1626, 1667, 1677, 1678, 1681 से 1694 एवं न्यास भूमि के आराजी संख्या 1492, 1493, 1522, 1529, 1530, 1546, 1570, 1573, 1605, 1667, 1681, 1689, 1690, 1691 के अनुमोदित प्लान मे स्थित भूखण्ड संख्या 601 क्षेत्रफल 506'-00" वर्गफीट के नियमन हेतु श्रीमती खेरूनिशा पिता श्री सैफुद्दीन बम्बोरा वाला निवासी- दुर्गा कॉलोनी, निमचखेडा, उदयपुर (राज.) द्वारा आवेदन पत्र के साथ 90-क आदेश, अपंजीकृत विक्रय ईकरार, क्षतिपूर्ति बंध-पत्र, शपथ- पत्र आदि प्रस्तुत कर आवंटन/पट्टा चाहा गया हैं। प्राप्त मौका रिपोर्ट के अनुसार आवेदित भूखण्ड पर भवन निर्मित हैं। आवेदक को उक्त भूखण्ड श्री तुलछा पिता वेणा भील, रामा, खेमा पिता नाना भील, प्रतापी बेवा वेला, देवा पिता वेला भील से श्रीमती ललिता देवी पत्नी श्री गोपाल सिंह राजपूत को अपंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 04.05.1995, श्रीमती ललिता देवी पत्नी श्री गोपाल सिंह राजपूत से श्रीमती अनीसा पत्नी श्री मुर्तजा अली को अपंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 22. 02. 2020, श्रीमती अनीसा पत्नी श्री मुर्तजा अली से श्रीमती खेरूनिशा पिता श्री सैफुद्दीन बम्बोरा वाला को अपंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 24.02.2020 से प्राप्त हुआ हैं।

अतः उक्त अनुमोदित प्लान में स्थित भूखण्ड संख्या 601 क्षेत्रफल 506'-00" वर्गफीट का पट्टा श्रीमती खेरूनिशा पिता श्री सैफुद्दीन बम्बोरा वाला निवासी- दुर्गा कॉलोनी, निमचखेडा, उदयपुर (राज.) के नाम करने के संबंध मे किसी को कोई आपत्ति / ऐतराज हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 07 दिवस मे प्रस्तुत करे अन्यथा बाद मियाद गुजरने नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही अमल में लायी जावेगी।

(जगदीश सिंह आशिया) उपायुक्त
उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर

**कार्यालय उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर (राज.)**

क्रमांक: F.7( )B.PLAN/MISC/2025-26/100 **आम सूचना** दिनांक : 19/1/2026

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राज्य सरकार के द्वारा दिनांक 14-10-2024 को विकास प्रोत्साहन एवं नियंत्रण उपविधियां (Development Promotion & Control Regulations) हेतु जारी अधिसूचना एवं इसकी निरन्तरता में समय-समय पर जारी आदेशों/परिपत्रों/अधिसूचनाओं आदि की अनुपालना मे निम्नलिखित प्रकरण भू-उपयोग परिवर्तन बाबत् विचाराधीन है:-

| क्र. सं. | आवेदक का नाम | राजस्व ग्राम/ योजना | खसरा संख्या / ब्लॉक संख्या | भूखण्ड संख्या | क्षेत्रफल | भूखण्ड / भूमि की स्थिति | भू-उपयोग परिवर्तन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री सुरेश कुमार धोका पिता श्री छगनलाल धोका | शोभागपुरा | 1169, 1170 | 03 | 943.50 वर्गफीट | शोभागपुरा चौराहे से डी. पी.एस. स्कुल होते हुए भुवाणा-प्रतापनगर बाईपास को जाने वाली 100 फीट सडक पर एम. जेड.एच. कैफे के समीप स्थित है। | आवासीय उपयोग से वाणिज्यिक प्रयोजनार्थ |

उक्त प्रकरण के भू-उपयोग परिवर्तन के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्राधिकरण कार्यालय में इस सूचना जारी होने की तिथि से 15 दिवस में किसी भी कार्य दिवस में निम्नहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत कर सकते है। इस समयावधि में कोई आपत्ति प्राप्त नही होने पर भू-उपयोग परिवर्तन बाबत अग्रिम कार्यवाही की जायेगी।

सचिव, उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर


# ट्रस्ट मण्डल कोष के गठन व विभिन्न तय बिंदुओं पर हुआ मंथन

**डूंगरपुर**, (निसं)। श्री जैन श्वेताम्बर वीसा पोरवाड महासंघ वागड प्रांत की बैठक आसपुर जैन श्वेताम्बर मूर्तिपूजक श्रीसंघ के उपाश्रय भवन में आयोजित की गई।

श्री जैन श्वेताम्बर वीसा पोरवाड महासंघ वागड प्रांत की बैठक अध्यक्ष संजय मेहता डूंगरपुर, संरक्षक झूमकलाल सेमलावत, रोशन के.दोशी, सलाहकार हेमेन्द्र कुमार मेहता, सिद्धार्थ मेहता, महामंत्री हर्ष कुमार जैन के आतिथ्य में श्री पुण्यविमल गुरूदेव की तस्वीर पर माल्यार्पण दीप प्रज्ज्वलन

■ **बांसवाडा व उदयपुर के दो श्रीसंघों की मान्यता का निर्णय अगली बैठक तक टला**

तथा नन्ही बालिकाओं तायशा कोठारी तथा हियानी के महामंत्र नवकार की स्तुती के साथ बैठक का आगाज हुआ।

अध्यक्ष मेहता ने बैठक के उद्धेश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संगठन को और अधिक सशक्त बनाना वर्तमान समय की आवश्यकता है। समाज में दीर्घकालीन सामाजिक, शैक्षणिक और आर्थिक विकास की ठोस रूपरेखा तय करना,पारिवारिक दिग्दर्शी का प्रकाशन, ट्रस्ट गठन, विभिन्न समितियां का निर्माण, कोष व्यवस्था, नई पीढी के लिए शिक्षा एवं व्यवसायिक प्रशिक्षण, निर्देशिका में शेष रहे नामों को जोडकर प्रकाशन कार्यक्रम निर्धारण करना, विज्ञापन दाताओं की सूची, समाजोपयोगी सामग्री का संकलन करना,ट्रस्ट गठन कर वित्त संबंधी कार्यक्रम को मुहूर्त रूप प्रदान करने विभिन्न समितियां का गठन करना, पूर्व की बैठक में जिन बिंदुओं पर सहमति बनी थी, उन पर चर्चा, कब्जा में श्री केसरियाजी तीर्थ का जीर्णोद्धार, सामाजिक नियमों का समाज जनों द्वारा पालन की अनुमोदना करना, समाज सुधार की आवश्यकता पर बल दिया गया। समाज जनों की सहमति से तय की गई नियमावली को लिपिबद्ध कर प्रकाशन करना जैसा की 1981 में हुआ था। महासंघ की महिला इकाई की भागीदारी सुनिश्चित करते हुए उन्हे सक्रिय बनाए रखनने से महासंघ के नियमों का चरणबद्ध लागू करवाने में महत्ती भूमिका साबित होगी।

नई पीढी के लिए शैक्षणिक,व्यावसायिक क्षेत्र में प्रशिक्षण अब इस दौर में जरूरी हो गया है। भावी पीढी के साथ-साथ हम सभी को संस्कारवान बनते हुए जैन धर्म और हमारी समाजोपयोगी कार्यक्रमों में बढ-चढ कर हिस्सा लेते हुए हमारे आचार्यो और गुरूओं द्वारा दी गई सीख को आत्मसात करें। अधिकारी योजना पर विचार करना वर्तमान संगीत ढांचे की समीक्षा आवश्यक सुधार एवं भविष्य रचना पर चर्चा महासंघ के द्वारा किए जाने वाले खर्च की उपलब्धता हेतु कोष का निर्माण करना जरूरी है। प्रवीण कोठारी आसपुर ने न केवल कंदमूल बल्कि रात्रिभोज भी बंद करने पर जोर दिया। कुसुम शाह ने कहां कि देर रात तक शादियों में रात्रिभोज होता है जिसमें नियमों की पालना नही होती है जिस पर भी रोक जरूरी है। रोशन के. दोशी ने महिलाओं की बडी संख्या में उपस्थिति पर हर्ष व्यक्त करते हुए सक्रिय भागीदारी निभाने का आव्हान किया। पूर्व में प्रकाशित दिग्दर्शिका में पूर्व अध्यक्ष रोशन बी. शाह तथा राजेन्द्र कुमार मेहता के सफल प्रयासों की अनुमोदना की।



श्री जैन श्वेताम्बर वीसा पोरवाड महासंघ वागड प्रांत आसपुर में बैठक सम्पन्न हुई।

## बैठक आयोजित

**डूंगरपुर**। फ्लैगशिप योजनाओं के सफल क्रियान्वयन को लेकर जिला कलक्टर अंकित कुमार सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को जिला परिषद के ईडीपी सभागार में बैठक आयोजित की गई।

जिला परिषद के ईडीपी सभागार में आयोजित बैठक में जिले में संचालित फ्लैगशिप योजनाओं की विभाग वार समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने कर्मभूमि से मातृभूमि अभियान, प्रधानमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना, लाडो प्रोत्साहन योजना, मिशन हरियालो राजस्थान, लखपति दीदी, सोलर दीदी, ड्रोन दीदी, बैंक सखी, कृषि सखी, पशु सखी, मुख्यमंत्री शिक्षित राजस्थान अभियान के अंतर्गत विद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों की उपस्थिति पोर्टल पर अपलोड करने तथा लक्ष्य के अनुरूप विद्यालय के निरीक्षण करने, स्वामित्व योजना, मुख्यमंत्री जल स्वालंबन योजना, स्वच्छ भारत मिशन, अटल ज्ञान केंद्र, पीएम आवास योजना, पंडित दीनदयाल गरीबी मुक्त योजना, पीएम ग्राम सडक योजना, अटल प्रगति पथ, फार्म पॉन्ड जल जीवन मिशन अमृत योजना, पंच गौरव के अंतर्गत एक जिला एक खेल हॉकी, एक जिला एक पर्यटन स्थल बेणेश्वर, एक जिला एक उत्पाद मार्बल, एक जिला एक फल आम, कुसुम योजना - ए कुसुम - सी के तहत विद्युत कनेक्शन, प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना के अंतर्गत प्रगति, खाद्य नागरिक आपूर्ति विभाग के अंतर्गत नवीन परिवारों को लाभान्वित करने सहित अन्य योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए।

## कक्षा-कक्षों का लोकार्पण

**भीम**, (निसं)। भीम विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत काछबली में शिक्षा और खेल के क्षेत्र में एक साथ बड़ा कदम उठाया गया। पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय काछबली में आयोजित वार्षिक उत्सव कार्यक्रम के दौरान जनप्रतिनिधि ने शिरकत कर डीएमएफटी मद से निर्मित दो नवीन कक्षा-कक्षों का विधिवत उद्घाटन किया।

लोकार्पण के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि विधायक हरिसिंह रावत ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए बेहतर संरचना आवश्यक है। नए कक्षा-कक्षों के निर्माण से विद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों को आधुनिक सुविधाएं मिलेंगी और शिक्षण व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ होगी। कार्यक्रम में शिक्षा के साथ खेलों को बढ़ावा देने की दिशा में भी बड़ी घोषणा की गई। ठााम काछबली में इंडोर स्टेडियम के निर्माण के लिए 40 लाख रुपये स्वीकृत करने की घोषणा से क्षेत्र के युवाओं और खिलाड़ियों में उत्साह की लहर दौड़ गई। इस स्टेडियम के बनने से ठाामीण क्षेत्र के खिलाड़ियों को अभ्यास एवं प्रतियोगिताओं के लिए बेहतर मंच मिलेगा। साथ ही बालिका विद्यालय एवम् वाणिज्य संख्या खोलने की घोषणा हुई।वार्षिक उत्सव के दौरान विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम में विद्यालय स्टाफ, पंचायत प्रतिनिधि, ग्रामीणजन एवं बडी संख्या में विद्यार्थी मौजूद रहे। काछबली में शिक्षा और खेल दोनों क्षेत्रों में मिली यह दोहरी सौगात क्षेत्र के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर मानी जा रही है।


**कार्यालय नगर पालिका नाथद्वारा जिला-राजसमन्द ( राज. )**

Email:-np_ntd@yahoo.in Phone-02953-233526

क्रमांक/न.पा.नाथ/तामिर/2025/16791 दिनांक : 19/1/2026

**-:आपत्ती सूचना:-**

एतर्थ द्वारासर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित व्यक्तियों द्वारा जरिये क्रय शुदा/पट्टा शुदा के आधार पर प्राप्त भूखण्ड/भवन का स्वयं के नाम पर निम्नांकित वर्णित सम्पत्ति पर भवन निर्माण में कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त आवेदन के संबंध में किसी भी हितधारी को कोईआपत्ती हो तो सात दिवस( कार्य दिवस ) में नगर पालिका कार्यालय में लिखित रूप से प्रस्तुत कर दें अन्यथा प्रकरण में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने एवं दस्तावेज पूर्ण पाये जाने पर नियमानुसार कार्यवाही पूर्ण करते हुए उक्त प्रकरणों में आगामी कार्यवाही सम्पादित कर दी जायेगी।

| क्र. सं. | आवेदक का नाम व पता | आवेदित सम्पत्ति का पता | पडौस का विवरण: पूर्व | पश्चिम | उत्तर | दक्षिण |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री कुन्दनमल पिता श्री केसरीमल धाकड़ एवं श्री अशोक पिता कुन्दनमल धाकड़ निवासी-नाथद्वारा | भूखण्ड क्षेत्रफल-2000 वर्गफिट, चौधरी पेट्रोल पम्प के पीछे, नाथद्वारा | रास्ता | गली व राजुभाई सुराणा का मकान | भूखण्ड | एन एच 8 जाने वाला रास्ता |

आयुक्त, नगर पालिका नाथद्वारा

**कार्यालय नगर पालिका नाथद्वारा जिला-राजसमन्द ( राज. )**

Email:-np_ntd@yahoo.in Phone-02953-233526

क्रमांक/न.पा.नाथ/तामिर/2026/16798 दिनांक : 19/01/2026

**-:आपत्ती सूचना:-**

एतर्थ द्वारासर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित व्यक्तियों द्वारा जरिये क्रय शुदा/पट्टा शुदा के आधार पर प्राप्त भूखण्ड/भवन का स्वयं के नाम पर निम्नांकित वर्णित सम्पत्ति पर भवन निर्माण में कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त आवेदन के संबंध में किसी भी हितधारी को कोईआपत्ती हो तो 07 दिवस( कार्य दिवस ) में नगर पालिका कार्यालय में लिखित रूप से प्रस्तुत कर दें अन्यथा प्रकरण में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने एवं दस्तावेज पूर्ण पाये जाने पर नियमानुसार कार्यवाही पूर्ण करते हुए उक्त प्रकरणों में आगामी कार्यवाही सम्पादित कर दी जायेगी।

| क्र. सं. | आवेदक का नाम व पता | आवेदित सम्पत्ति का पता | पडौस का विवरण: पूर्व | पश्चिम | उत्तर | दक्षिण |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री नरेन्द्र कुमार महात्मा पिता श्री रतन लाल महात्मा | भूखण्ड संख्या-12 क्षेत्रफल 1965, 50 वर्गफिट, श्रीजी रेजीडेन्सी, गौरव पथ रोड, नाथद्वारा | भूखण्ड संख्या 69 | 80 फिट रोड | भूखण्ड संख्या 11 | 40 फिट रोड |

आयुक्त, नगर पालिका नाथद्वारा

# राज्य सरकार वंचित वर्ग को आर्थिक रूप से सशक्त बना रही है- भजनलाल

## राष्ट्रीयकृत व निजी बैंकों के माध्यम से भी अनुसूचित जाति के व्यक्तियों को ऋण स्वीकृत कराए जा रहे हैं

जयपुर, 19 जनवरी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा वंचित वर्गों के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए जा रहे हैं। राज्य सरकार इन वर्गों के लिए स्वरोजगार, कौशल प्रशिक्षण तथा व्यावसायिक प्रशिक्षण के क्षेत्र में अनेक कार्यक्रम संचालित कर रही है, जिससे वे आत्मनिर्भर एवं स्वावलंबी बन सकें। अंत्योदय की भावना को केन्द्र में रखकर राज्य सरकार नीतियों एवं योजनाओं का क्रियान्वयन कर रही है, ताकि विकसित, समावेशी एवं सशक्त राजस्थान बनने की दिशा में मजबूती से आगे बढ़ा जा सके।

इसी दिशा में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के अधीन राजस्थान अनुसूचित जाति, जनजाति वित्त एवं विकास सहकारी निगम लिमिटेड ने उल्लेखनीय पहल की है। निगम द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, सफाई कर्मचारी एवं दिव्यांगजनों के 1 हजार 381 लाभार्थियों को लगभग 20 करोड़ रुपये के रियायती ब्याज पर ऋण स्वीकृत किए गए हैं।

मुख्यमंत्री की दूरदर्शी सोच और इस योजना का उद्देश्य लाभार्थियों को स्वरोजगार, व्यवसाय विस्तार और शिक्षा के लिए वित्तीय सहयोग प्रदान करना है, जिससे वे रोजगार प्रदाता बन सके।

मुख्यमंत्री के संवेदनशील नेतृत्व में वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए भी ऑनलाइन ऋण आवेदन की प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है। निर्धारित लक्ष्य 3 हजार 470 के मुकाबले 15 हजार 635 आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं, जो योजना के प्रति आमजन के बढ़ते विश्वास को दर्शाता है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में, जनवरी 2026 के दौरान जिला स्तरीय ऋण चयन समितियों द्वारा जिलेवार साक्षात्कार आयोजित किए जाएंगे। चयनित आवेदकों द्वारा आवश्यक दस्तावेज पूरे करने के बाद डीबीटी के माध्यम से ऋण राशि सीधे उनके खातों में पहुंच जाएंगी।



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए ऑनलाइन ऋण आवेदन प्रक्रिया शुरु की गई थी। इसमें निर्धारित लक्ष्य 3,470 के मुकाबले अब तक 15,635 आवेदन योजना के प्रति बढ़ते विश्वास को दर्शाता है।

अनुसूचित जाति उप-योजना के अंतर्गत राष्ट्रीयकृत एवं निजी बैंकों के माध्यम से भी ऋण स्वीकृत कराया जा रहा है। इसमें लक्ष्य 3 हजार 400 के विरुद्ध अब तक 2 हजार 670 व्यक्तियों को विभिन्न बैंकों से ऋण स्वीकृत कराया जा चुका है। प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना (पीएम-अजय) के तहत पात्र व्यक्तियों को प्रोजेक्ट लागत का 50 प्रतिशत अथवा अधिकतम 50 हजार रुपये (जो भी कम हो) अनुदान के रूप में उपलब्ध कराया जाता है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में अनुसूचित जाति के लाभार्थियों के लिए 452 लाख रुपये का अनुदान स्वीकृत किया जा चुका है।

## कांग्रेस ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

करने की सलाह दी, क्योंकि ऐसा करने पर वरिष्ठ नेता एकजुट होकर उनके खिलाफ खड़े हो सकते थे। केरल कांग्रेस इकाई में वेणुगोपाल बहुत लोकप्रिय नहीं हैं, लेकिन राहुल गांधी के बेहद करीबी होने के कारण उन्हें लगता है कि वे केरल की सत्ता तक पहुंच सकते हैं।राहुल गांधी से 14 जनवरी के बाद एआईसीसी में पुनर्गठन की उम्मीद की जा रही थी, लेकिन उसे भी टाल दिया गया है। कर्नाटक में नेतृत्व परिवर्तन का फैसला भी फिलहाल स्थगित कर दिया गया है। कांग्रेस की नीति किसी मुख्यमंत्री चेहरे को पहले से प्रोजेक्ट करने की नहीं रही है और यही स्थिति केरल में भी रहेगी। के.सी. वेणुगोपाल एआईसीसी में वह शख्स हैं, जो अधिकांश नियुक्तियों और फैसलों को नियंत्रित करते हैं, क्योंकि राहुल गांधी ने पार्टी का बड़ा हिस्सा उनके भरोसे छोड़ दिया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे भी वही करते हैं, जो के.सी. वेणुगोपाल कहते हैं। अब तक उनमें वेणुगोपाल के सामने खड़े होने का साहस नहीं दिखा है। इसलिए यह फैसला कि वेणुगोपाल जाएंगे या यहीं रहेंगे, कांग्रेस पार्टी की आंतरिक गतिविधियों और निर्णय प्रक्रिया को पूरी तरह बदल सकता है। एक वरिष्ठ नेता के शब्दों में, "तब तक इंतज़ार करो और देखो।"

## राहुल ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

गांधी स्टेडियम में शुभारंभ करेंगे। गांधी नगर पालिका अध्यक्ष शत्रुहन सोनकर के आवास जाएंगे और अंत में मनरेगा चौपाल में शामिल होकर लोगों के साथ सीधा संवाद करेंगे। इसके बाद वे रायबरेली से दिल्ली के लिए रवाना हो जायेंगे।

# हाई कोर्ट ने एसआई पेपर लीक अपील पर बहस पूरी की, फैसला सुरक्षित

## पेपर लीक में एकल पीठ के भर्ती रद्द करने के फैसले के खिलाफ हाई कोर्ट खंडपीठ में कई अपीलें दायर हुई थीं

जयपुर, 19 जनवरी। राजस्थान हाईकोर्ट में एसआई भर्ती-2021 पेपर लीक मामले में एकलपीठ की ओर से भर्ती रद्द करने और आरपीएससी के सदस्यों व चेयरमैन के खिलाफ टिप्पणी करने के खिलाफ पेश अपील पर खंडपीठ ने सभी पक्षों की बहस सुनकर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। एक्टिंग सीजे संजीव प्रकाश शर्मा और जस्टिस संगीता शर्मा की खंडपीठ ने ये आदेश राज्य सरकार व अन्य की ओर से दायर अपीलों पर सुनवाई करते हुए दिए।

सुनवाई के दौरान, एकलपीठ में याचिकाकर्ता रहे अभ्यर्थियों की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता मेजर आरपी सिंह और अधिवक्ता हरेन्द्र नील ने कहा कि आरपीएससी के तत्कालीन सदस्य बाबूलाल कटारा ने परीक्षा से 35 दिन पहले प्रश्न पत्र को दूसरे सदस्य रामू राम राइका को दिया था। राइका ने इसे अपनी संतान को दिया, जिससे उनका भर्ती में चयन हो गया। वहीं इस दौरान कटारा ने अपने चालक के बेटे अजय प्रताप सिंह को पेपर दिया। इसके अलावा भतीजे विजय डामोर व राहुल कटारा को भी पेपर उपलब्ध कराया। वहीं दलाल कुंदल को परीक्षा से पांच दिन पहले पेपर दिया गया। इसने अशोक गहलोत के तत्कालीन पीएसओ राजकुमार यादव को यह पेपर दिया। दोनों वकीलों की ओर से कहा गया कि प्रश्न पत्र को हस्तलिखित उत्तर सहित, सोशल मीडिया के जरिए कई लोगों को भेजा गया। वहीं प्रकरण में फिलहाल 89 लोगों के खिलाफ जांच लंबित है और 12 वांछित विदेश चले गए हैं। पुलिस दो साल से जांच कर रही है। ऐसे में दोषियों की छटनी संभव नहीं है। इसलिए एकलपीठ का भर्ती रद्द करने का फैसला सही है। दूसरी ओर राज्य सरकार की ओर से महाधिवक्ता राजेन्द्र प्रसाद ने कहा गया भर्ती में दोषियों की छंटनी संभव है और सरकार को प्रकरण में किसी के प्रति दुर्भावना नहीं है। वहीं चयनित अभ्यर्थियों की ओर से कहा गया कि वे पुरानी नौकरी छोडकर आए हैं और जांच में दोषी नहीं पाए गए हैं। ऐसे में भर्ती रद्द करना ठीक नहीं है। सभी पक्षों को सुनने के बाद अदालत ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है।

- याचिकाकर्ता अभ्यर्थियों की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता आर.पी. सिंह की दलील थी कि आरपीएससी सदस्य बाबूलाल कटारा ने परीक्षा से 35 दिन पहले प्रश्न पत्र एक दूसरे सदस्य को दे दिया था। सोशल मीडिया के जरिए कई लोगों को हस्तलिखित उत्तर सहित प्रश्न पत्र भेजे गए थे।

## एसआई पेपर ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

में आरोपियों और गवाहों की संख्या के साथ ही आरोपियों पर चार्ज तय नहीं होने की स्थिति को देखते हुए याचिकाकर्ता आरोपी को जमानत पर रिहा करना उचित है।

जमानत याचिका में अधिवक्ता सुधीर जैन ने अदालत को बताया कि याचिकाकर्ता गत 15 मार्च से जेल में बंद है। एसओजी ने उसके खिलाफ आईपीसी सहित, सार्वजनिक परीक्षा अनुचित साधन का प्रयोग अधिनियम व आईटी एक्ट के तहत जांच कर आरोप पत्र पेश कर दिया है। इस प्रकरण में कुल 133 आरोपी और 150 गवाह हैं। वहीं अभी तक निचली अदालत में उसके खिलाफ चार्ज फ्रेम नहीं किए हैं। याचिकाकर्ता पर आरोप है कि उसने रवीन्द्र बाल भारती स्कूल के संचालक राजेश खंडेलवाल से दस लाख रुपए में पेपर का सौदा किया था। प्रकरण में राजेश खंडेलवाल ने पेपर लीक किया था और उसे सुप्रीम कोर्ट से गत 5 दिसंबर को जमानत मिल चुकी है। ऐसे में उसका अपराध राजेश खंडेलवाल से गंभीर नहीं है। वहीं याचिकाकर्ता पर 12 प्रकरण लंबित बताए जा रहे हैं, लेकिन इनमें से सात मामलों में उसे जमानत मिल चुकी है और पांच प्रकरणों में वह दोषमुक्त हो चुका है। इसके अलावा, जिन धाराओं में उसके खिलाफ आरोप पत्र पेश किया गया है, उनमें अधिकतम तीन साल की सजा का प्रावधान है और वह 22 माह जेल में रह चुका है। इसलिए उसे जमानत दी जाए। इसका विरोध करते हुए सरकारी वकील ने जमानत याचिका खारिज करने की गुहार की। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद अदालत ने आरोपी को जमानत पर रिहा करने के आदेश दिए हैं।

# 'भाजपा के साथ गठबंधन करने से भविष्य खत्म हो जाएगा'

## राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल ने भाजपा से गठबंधन करने वाले दलों को चेतावनी दी

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 19 जनवरी। राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल ने रविवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर तीखा हमला बोलते हुए विपक्षी दलों को उसके साथ गठबंधन करने के खिलाफ चेताया। उन्होंने कहा कि ऐसे समझौते अल्पकाल के लिये सत्ता भले ही दिला दें, लेकिन लंबे समय के लिये राजनीतिक हाशिए पर धकेल देते हैं।

यहां पत्रकारों से बात करते हुए सिब्बल ने कहा कि भाजपा उन राज्यों में, जहां उसे चुनावी हार की आशंका होती है, छोटे क्षेत्रीय दलों से रणनीतिक गठबंधन करती है और सत्ता में आने के बाद उन्हीं दलों को किनारे कर देती है। उन्होंने कहा, "भाजपा उन राज्यों में छोटे दलों से गठबंधन करती है, जहां उसे लगता है कि वह नहीं जीत पाएगी, और सत्ता में आने के बाद, उन्हीं दलों को हाशिये पर डाल देती है।"

क्षेत्रों के बीच अंतर करते हुए, सिब्बल ने कहा कि जिन राज्यों में भाजपा का कांग्रेस के साथ सीधा मुकाबला होता है, जैसे उत्तर प्रदेश वहाँ वह किसी तरह का समझौता नहीं करती। उन्होंने टिप्पणी की, "जहां कांग्रेस के साथ सीधी टक्कर होती है, वहां वे कभी किसी से समझौता नहीं करते।"

- सिब्बल ने कहा, यह गठबंधन कुछ समय के लिए सत्ता दिला सकता है, पर, राजनैतिक भविष्य को खत्म कर सकता है।
- सिब्बल ने अजित पवार का हवाला दिया और कहा, वे एनसीपी तोड़कर भाजपा से मिल गए, इससे उपमुख्यमंत्री तो बन गए पर उनकी राजनैतिक संभावनाओं के दरवाजे अब बंद हो रहे हैं।

दक्षिण भारत की राजनीति का जिक्र करते हुए सिब्बल ने भाजपा पर तमिलनाडु में अपना आधार बढ़ाने के लिए "मंदिर राजनीति" अपनाने का आरोप लगाया, क्योंकि वहाँ उसे कई बार चुनावी झटके लग चुके हैं। उन्होंने कहा, "अब वे तमिलनाडु में यह कोशिश कर रहे हैं, लेकिन कई बार असफल रहने के बाद, उन्होंने मंदिर राजनीति शुरू की है।" उन्होंने आगे कहा कि केरल और पश्चिम बंगाल में भी पार्टी को लगातार प्रतिरोध का सामना करना पड़ रहा है।

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) में हुई टूट का हवाला देते हुए, सिब्बल ने "अवसरवादी राजनीति" के नतीजों को लेकर चेतावनी दी।

उन्होंने महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार का उदाहरण देते हुये कहा, "यह विपक्ष के लिए संदेश होना चाहिए कि उनके (भाजपा) साथ समझौता आपको उपमुख्यमंत्री तो बना सकता है, लेकिन आपका भविष्य खत्म हो जाएगा।" उन्होंने कहा, "अजित पवार के साथ भी यही हुआ, जो किसी एक पक्ष के साथ नहीं टिके और केवल तीन सीटों तक सीमित रह गए। जनता समझती है कि अवसरवादी राजनीति कब की जाती है।"

सिब्बल की यह टिप्पणी महाराष्ट्र के हालिया नगर निकाय चुनावों में भाजपा-शिवसेना (एकनाथ शिंदे गुट) गठबंधन की बड़ी जीत के बाद आई है। ज्ञातव्य है कि इन चुनावों में बृहन्मुंबई म्यूनिसिपल कॉर्पोरेशन (बीएमसी) सहित कई निकायों में मजबूत प्रदर्शन कर भाजपा-नेतृत्व वाली महायुति ने स्थानीय शासन में अपना दबदबा और मजबूत किया है।

## 'शिव सेना ने मुम्बई को ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

इसी गणित के चलते, शिंदे टीम कोई जोखिम नहीं लेना चाहती। यदि विपक्ष एकजुट हो जाता है, तो उसे महायुति से सिर्फ आठ पार्षदों के पाला बदलने की जरूरत होगी और वह भाजपा की स्थिति पलट सकता है।

लेकिन क्या शिंदे सेना को सिर्फ ठाकरे परिवार से ही डर है?

उद्धव ठाकरे के मुताबिक, शिंदे दरअसल भाजपा से सशंकित हैं। उन्होंने कहा, जो लोग एक बार पार्टी छोड़ चुके हैं, वे दोबारा भी ऐसा कर सकते हैं। एनडीए के भीतर मेयर पद को लेकर खींचतान चल रही है। भाजपा अपने किसी पार्षद को मेयर बनाकर राजनीतिक संदेश देना चाहती है, जबकि शिंदे पर शीर्ष पद का दावा करने का दबाव है।

दशकों से मुंबई में शिवसेना का मेयर रहा है और इस बार इसे गंवाना बाल ठाकरे की विरासत पर उनके दावे को कमज़ोर करेगा। शिंदे को पिछले साल राज्य चुनावों के बाद, मुख्यमंत्री पद छोड़ना पड़ा और देवेन्द्र फड़णवीस के उपमुख्यमंत्री बनकर संतोष करना पड़ा। अब यदि बीएमसी मेयर का पद भी हाथ से निकल गया तो यह उनकी प्रतिष्ठा के लिए एक और नुकसान होगा और ठाकरे परिवार को मौका मिल जाएगा।

इसीलिए मुंबई के राजनीतिक गलियारों में चर्चा है कि शिंदे टीम का यह "रिज़ॉर्ट कदम" सिर्फ विपक्ष की योजनाओं को नाकाम करने के लिए नहीं, बल्कि अपने सहयोगी भाजपा को लेकर है।

हालांकि मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने कहा है कि मेयर के सवाल पर एनडीए के नेता, जिनमें उनमें वे स्वयं और शिंदे शामिल हैं, मिलकर फैसला करेंगे।

शिवसेना (यूबीटी) के मुखपत्र "सामना" के संपादकीय में शिंदे टीम को चुनौती दी गई है। संपादकीय में कहा गया है, "शिवसेना ने मुंबई को 23 मराठी मेयर दिए हैं, क्या यह परंपरा अब भी जारी रहेगी?" संपादकीय में मुख्यमंत्री फडणवीस और उपमुख्यमंत्री शिंदे के बीच खुली खींचतान का दावा किया गया है।

संपादकीय के अनुसार, ठाकरे भाइयों ने मुंबई की रक्षा के लिए कड़ा संघर्ष किया। इसमें कहा गया है, "पहचान की इस लड़ाई का इतिहास नए सिरे से लिखा जाएगा।

शिवसेना (यूबीटी) ने आरोप लगाया कि फडणवीस का चुनाव जीतने का आत्मविश्वास विकास कार्यों से नहीं, बल्कि अपार धन और शक्ति से आया है। पार्टी ने कहा, "इस आत्मविश्वास का विकास से कोई लेना-देना नहीं है, यह पूरी तरह मशीनों, पैसे के मंत्र और दबाव की राजनीति पर आधारित है।"

संपादकीय में कहा गया, नगर निगम चुनाव खत्म हो गए हैं, नतीजे आ चुके हैं। असली राजनीति अभी बाकी है, जिससे संकेत मिलता है कि मेयर का चयन आसान नहीं होगा।

दिलचस्प बात यह है कि उद्धव ठाकरे ने कल अपने पार्टी कार्यकर्ताओं से कहा कि मुंबई में शिवसेना (यूबीटी) का मेयर बनाना उनका सपना है। "और अगर भगवान की इच्छा हुई तो यह सपना जरूर पूरा होगा। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए मुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़णवीस ने मजाक में पूछा कि क्या ठाकरे ने "देवा" शब्द का इस्तेमाल उनके लिए किया है या भगवान के लिए। उन्होंने कहा, "मुझे भी "देवा" कहा जाता है, इसलिए पूछ रहा हूं।" उन्होंने आगे कहा, "ऊपर वाले भगवान ने तय कर दिया है कि मेयर महायुति का ही होगा।"

## बंगाल ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

है। सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि पश्चिम बंगाल में जिन मतदाताओं के नाम तार्किक विसंगति (लॉजिकल डिस्क्रेपेंसी)की सूची में हैं, उनकी जानकारी सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित की जाए। अदालत ने कहा कि यह सूची ग्राम पंचायत भवनों, तालुका स्तर के ब्लॉक कार्यालयों और वार्ड कार्यालयों में लगाई जाए, ताकि आम लोग इसे आसानी से देख सकें।

सुप्रीम कोर्ट ने यह भी बताया कि पश्चिम बंगाल में करीब 1.25 करोड़ मतदाताओं के नाम इस तार्किक विसंगति सूची में दर्ज हैं।

मामले में मुख्य न्यायाधीश सूर्य कांत, न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की तीन सदस्यीय पीठ ने कहा कि जिन लोगों के नाम स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) प्रक्रिया से प्रभावित हो सकते हैं, उन्हें अपने दस्तावेज और आपत्तियां दर्ज कराने का पूरा अवसर दिया जाए। अदालत ने निर्देश दिया कि दस्तावेज और आपत्तियां जमा करने के लिए पंचायत भवनों और ब्लॉक कार्यालयों में विशेष काउंटर/कार्यालय बनाए जाएं।

## भारत का ट्रंप के गाज़ा पुनर्निमाण ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

निकायों के ज़रिये उसे दरकिनार करने में। ट्रंप का बोर्ड ऑफ़ पीस, एक ऐसे नेता की ओर से आया है, जो लगातार संयुक्त राष्ट्र को बेकार और अप्रासंगिक बताता रहा है। यह भारत की मूल कूटनीतिक सोच के बिल्कुल विपरीत जाता है। इसी कारण "ट्रंप संयुक्त राष्ट्र" का लेबल नई दिल्ली में कहीं ज़्यादा तीखा अर्थ रखता है।

प्रस्तावित बोर्ड की संरचना इन चिंताओं को और गहरा करती है। संयुक्त राष्ट्र के विपरीत, जो कम-से-कम औपचारिक रूप से संप्रभु समानता और सामूहिक प्रक्रियाओं पर आधारित है, यह बोर्ड नियंत्रण, पदानुक्रम और वित्तीय ताकत पर टिका हुआ दिखता है। ट्रंप की केन्द्रीय भूमिका बतौर अध्यक्ष, प्रभाव के बदले बड़े वित्तीय योगदान पर ज़ोर, और यह संकेत कि यह बोर्ड गाज़ा से आगे अन्य संघर्ष क्षेत्रों तक फैल सकता है, ये सभी वैश्विक समस्याओं के समाधान का एक ऐसा मॉडल दिखाते हैं, जो संस्थागत कम और लेन-देन आधारित अधिक है। भारत, जो स्वयं को नियम-आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था का समर्थक बताता आया है, के लिए ऐसे निकाय में भागीदारी एक ऐसे उदाहरण को वैधता देने का जोखिम होगा, जो उन्हीं मानदंडों को कमज़ोर करता है, जिनका समर्थन करने का भारत दावा करता है

एक नैतिक पहलू भी है, जिसे भारत नज़रअंदाज़ नहीं कर सकता। बोर्ड में फ़िलिस्तीनी प्रतिनिधित्व की सीमित व्यवस्था संयुक्त राष्ट्र चार्टर के आत्मनिर्णय के सिद्धांत से मेल नहीं खाती-एक ऐसा सिद्धांत जिसका भारत ने ऐतिहासिक रूप से, भाषणों और कूटनीति, दोनों में समर्थन किया है। भारत के इज़राइल से मज़बूत संबंध होने के बावजूद, उसने वार्ता के ज़रिये दो-राष्ट्र समाधान का समर्थन किया है और पश्चिम एशिया के संघर्षों को अंतरराष्ट्रीय क़ानून और समावेशी राजनीतिक प्रक्रियाओं के संदर्भ में सावधानी से प्रस्तुत किया है। ऐसा शांति तंत्र, जो स्थानीय एजेंसी को हाशिये पर डालता हुआ और बाहरी हाथों में सत्ता को केन्द्रीकृत करता हुआ नज़र आए, भारतीय राजनयिकों के लिए चेतावनी की घंटी है, क्योंकि ऐसे परिणाम मूल रुप से वैधता से वंचित हो सकते हैं।

इसलिए भारत की चुप्पी को न तो अनिर्णय समझा जाना चाहिए और न ही कूटनीतिक जड़ता। यह एक सोची-समझी रणनीतिक गणना को दर्शाती है। नई दिल्ली अमेरिका की किसी पहल को सार्वजनिक रूप से खारिज करने से बचना चाहती है, खासकर भारत-अमेरिका संबंधों की व्यापक दिशा को देखते हुए। लेकिन वह अपनी प्रतिष्ठा किसी ऐसे प्रोजेक्ट को देने के लिए भी तैयार नहीं है, जिसे ट्रंप की संयुक्त राष्ट्र-विरोधी आलोचना को मान्यता देने और बहुपक्षीय संस्थानों के विकल्पों को सामान्य बनाने के रूप में देखा जा सकता है। चुप्पी भारत को आगे की गुंजाइश बनाए रखने का अवसर देती है, साथ ही उन लोगों तक असहजता का संकेत भी पहुंचाती है, जो ध्यान से सुन रहे हैं।

इस संदर्भ में बोर्ड ऑफ़ पीस की तुलना "ट्रंप संयुक्त राष्ट्र" से किए जाने का भारत-केन्द्रित अर्थ स्पष्ट हो जाता है। यह अर्थ इस पर ज्यादा जोर नहीं देता कि क्या यह बोर्ड औपचारिक रूप से संयुक्त राष्ट्र चार्टर का उल्लंघन करता है। बल्कि इस बात पर देता है कि क्या यह उस विचार को कमज़ोर करता है कि वैश्विक शांति और सुरक्षा का प्रबंधन समावेशी, नियम-आधारित संस्थानों के माध्यम से होना चाहिए, न कि नेताओं द्वारा संचालित गठबंधनों के ज़रिये। भारत के लिए, जो संयुक्त राष्ट्र के भीतर अधिक आवाज़ चाहता है, न कि उसके बिना एक दुनिया, यह बोर्ड केवल शांति स्थापना में एक नवाचार नहीं, बल्कि उस बहुपक्षीय व्यवस्था के लिए संभावित चुनौती है, जिसे वह दशकों से भीतर से बदलने की कोशिश करता रहा है।

## नितिन ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

धर्मेन्द्र प्रधान, भूपेन्द्र यादव और किरेन रिजिजू की मौजूदगी में पार्टी मुख्यालय में निर्वाचन अधिकारी के. लक्ष्मण को नितिन नबीन के नामांकन पत्रों का एक सेट सौंपा।

इसके बाद अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू और अन्य राज्य नेताओं ने भी नबीन के समर्थन में नामांकन पत्रों का एक और सेट जमा किया। बिहार, आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, असम, झारखंड और अन्य राज्यों के नेताओं ने भी नबीन के समर्थन में नामांकन पत्र दाखिल किए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, पुष्कर सिंह धामी, नायब सिंह सैनी और प्रमोद सावंत भी मौजूद रहे।

## 'ग्रीनलैंड के बारे में उनकी सोच ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

घोषणा की आलोचना की है, जो ग्रीनलैंड पर अमेरिकी कब्जे का विरोध कर रहे हैं।

यूरोपीय संघ के एंटी-कोएर्शन (दबाव विरोधी) कानून के तहत, नेता अमेरिका के खिलाफ तथाकथित "ट्रेड बाज़ूका" इस्तेमाल करने की बात कर रहे हैं। ट्रेड बाज़ूका व्यापारिक दबाव डालने के लिए किसी देश द्वारा उठाए गए बेहद सख्त कदमों को कहा जाता है। यह प्रतिक्रिया यूरोप पर लगाए गए विशेष 10 प्रतिशत टैरिफ के खिलाफ है, जो ग्रीनलैंड पर अमेरिका के सीधे कब्जे के विरोध के कारण लगाए गए हैं।

फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, जो ग्रीनलैंड के द्वीपवासियों के समर्थन में सबसे आगे हैं, ने अमेरिका के नए अतिरिक्त शुल्क के खिलाफ कदम उठाने की बात कही है। यही भावना अमेरिका के कथित सबसे करीबी सहयोगी ब्रिटेन ने भी व्यक्त की है, जो लंबे समय से अमेरिका के साथ विशेष संबंध का दावा करता रहा है।

- साथ ही अमेरिका के स्टॉक मार्केट में 1.2 प्रतिशत की गिरावट आयी, जिससे इन्वेस्टर्स का खर्चा बढ़ गया तथा यह स्टॉक मार्केट में गिरावट और आगे जारी रहने की आशंका है, जिससे ग्लोबल इकॉनमी की रफ्तार और धीमी पड़ेगी।

अपने दबाव विरोधी उपायों के तहत, यूरोप अपने कुछ निर्यात बाजारों तक अमेरिकन उत्पादों की पहुंच को रोक सकता है और निर्यात नियंत्रण उपाय भी लागू कर सकता है। ऐसे कदमों से अमेरिका और उसके यूरोपीय सहयोगी, दोनों को एक साथ नुकसान पहुंचेगा।

इस तरह की गैर-जिम्मेदाराना बयानबाज़ी के संभावित असर पहले से ही वित्तीय बाजारों और अन्य क्षेत्रों में दिखाई देने लगे हैं। इसका सीधा असर सोने की कीमतों पर पड़ा है, जो अनिश्चितता के समय पसंदीदा निवेश माना जाता है। इसका यह भी मतलब है कि डॉलर कीमती स्वर्ण धातु के मुकाबले कमजोर हो रहा है।

यूरोप पर अतिरिक्त टैरिफ लगाने की ट्रंप की योजना के ऐलान के बाद शेयर बाजार भी प्रभावित हुए हैं। सोमवार को बाजार खुलते ही अमेरिकी सूचकांक लगभग 1 से 1.2 प्रतिशत तक गिर गए, जिससे निवेशकों को नुकसान उठाना पड़ा। हालात साफ होने तक यह गिरावट जारी रह सकती है।

यूरोपीय कमीशन के प्रवक्ताओं ने कहा है कि इस तरह के कदम और फैसले अंततः अटलांटिक के दोनों ओर की अर्थव्यवस्थाओं को नुकसान पहुंचाएंगे और इसका बोझ अंत में आम लोगों पर पड़ेगा। यह न तो जनता के लिए फायदेमंद होगा और न ही यूरोप व अमेरिका के देशों के लिए। इन घटनाक्रमों में वैश्विक अर्थव्यवस्था की रफ्तार को धीमा करने की क्षमता है।

यूरोप के प्रति अपनी नाराज़गी को और स्पष्ट करते हुए, और अब उसके कथित कट्टर दुश्मन रूस को तरजीह देते हुए, डोनाल्ड ट्रंप ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को गाज़ा के लिए प्रस्तावित बोर्ड फॉर पीस में शामिल होने का निमंत्रण दिया है। ट्रंप ने इस बोर्ड का प्रस्ताव गाज़ा में संघर्ष समाप्त होने के बाद पुनर्निर्माण की अपनी व्यापक योजना के तहत रखा है।

रूसी राष्ट्रपति के एक विशेष दूत भी स्विट्ज़रलैंड के दावोस जा रहे हैं, जहां वे वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम की बैठक के दौरान अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात करेंगे। फोरम की वार्षिक बैठक हर साल स्विस स्की रिसॉर्ट दावोस में होती है, जहां आर्थिक निर्णयों में सबसे प्रभावशाली लोग आपसी बातचीत और अनौपचारिक नेटवर्किंग के लिए एकत्र होते हैं।

## यूएई के राष्ट्रपति को कार से लेने एयरपोर्ट पहुंचे प्र.मंत्री मोदी

नई दिल्ली, 19 जनवरी। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयन सोमवार को भारत के अपने आधिकारिक दौरे पर नई दिल्ली पहुंचे। जहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिल्ली एयरपोर्ट पर उनका गर्मजोशी के साथ स्वागत किया।

दोनों नेताओं के बीच स्वागत समारोह के दौरान दोस्ताना बातचीत भी हुई। इस दौरान एक खास पल भी देखने को मिला, जब एक बार फिर पीएम मोदी की कार वाली डिप्लोमेसी की झलक देखने को मिली।

पीएम मोदी और राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद साथ ही एक ही कार में एयरपोर्ट से रवाना हुए, जिससे दोनों देशों के बीच घनिष्ठ और दोस्ताना संबंधों की झलक दिखी।

## मणिकर्णिका घाट के डोम ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

कानूनी याचिकाएं भी दायर की गई हैं।

विरासत स्थलों के पुनर्रूपांकन (रीडिजायनिंग) को लेकर भाजपा सरकार की प्रवृत्ति पहले भी बड़े विवादों को जन्म दे चुकी है, चाहे वह साबरमती आश्रम परियोजना हो, सेंट्रल विस्टा पुनर्विकास योजना हो, काशी विश्वनाथ पुनर्विकास योजना हो, या अमृतसर में जलियांवाला बाग स्मारक का पुनर्विकास हो।

इतिहासकार मृदुला मुखर्जी के अनुसार, समस्या इस आशंका से जुड़ी है कि पवित्र स्थलों का व्यवसायीकरण किया जा रहा है। उन्होंने कहा, "अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ऐसे उदाहरण हैं, जहां मौजूदा संरचनाओं को बनाए रखते हुए, विरासत संरक्षण के साथ पुनर्विकास किया गया है।" रिपोर्ट बताती हैं कि मणिकर्णिका घाट के पास मॉल और बड़े व्यावसायिक ढांचे बनाने की योजनाएं हैं। मुखर्जी ने कहा, "ये योजनाएं बेतुकी हैं और इस विरासत स्थल की पवित्रता को कमज़ोर करती हैं।"

- मृदुला मुखर्जी के अनुसार ही विश्व में हैरिटेज (विरासत) को सुरक्षित रखते हुए उसके चारों तरफ जगह छोड़ते हुए नया निर्माण होता है।
- पर, सोशल मीडिया पर बुलडोज़र चलाए जाने तथा इस प्रक्रिया में धार्मिक मूर्तियों के खंडित होने की रील प्रसारित हो रही हैं तथा मु.मंत्री योगी आदित्यनाथ भी निर्माण स्थल पर पहुंचे तथा सार्वजनिक ऐलान करना पड़ा वह भी धार्मिक मूर्ति या स्ट्रक्चर को कोई क्षति नहीं पहुंची है।

विरोध के बाद स्थल का दौरा करने वाले उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि किसी भी मूर्ति या संरचना को नहीं तोड़ा गया है।

पुनर्विकास योजना के तहत, शुरुआत में लगभग 3,000 वर्ग मीटर क्षेत्र को कवर किया जाएगा और बाद में इसे 39,350 वर्ग मीटर के प्लेटफॉर्म तक विस्तारित किया जाएगा, जिससे मणिकर्णिका में यह सबसे बड़ा श्मशान परिसर बन जाएगा। चार चरणों में पूरी होने वाली इस परियोजना के पूरा होने के बाद, एक साथ 19 शवदाह की सुविधा होगी और इसमें सार्वजनिक उपयोग की कई सुविधाएं भी शामिल होंगी। माना जा रहा है कि इस परियोजना की शुरुआत मणिकर्णिका के डोम राजा, विश्वनाथ चौधरी द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से काशी विश्वनाथ कॉरिडोर की तर्ज पर घाट को आधुनिक बनाने का अनुरोध किए जाने के बाद हुई।

राष्ट्रदूत हिन्दु संयुक्त परिवार की ओर से सोमेश शर्मा द्वारा ज्वाईन्ट मीडिया, आजाद मार्ग, मैन रोड, आयड, उदयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा, आर.एन.आई. नं. 57928/93 जयपुर कार्यालयः सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोनः 2372634, 4103333-34, फैक्स : 0141-2373513 कोटा कार्यालय : पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोनः 2386031, 2386032,फैक्सः0744-2386033 बीकानेर कार्यालय : कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोनः 2200660, फैक्स 0151-2527371 अजमेर कार्यालयः राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोनः 2627612, फैक्सः0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन 226422,226423, फैक्सः 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोनः 230200, 230400, फैक्सः 07469-230600 चूरू कार्यालय : एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन : 256906, 256907, फैक्सः 01562-256908